RNI-UPHIN/2009/30721

**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 27 डिग्री
न्युनतम तापमान 25 डिग्री

**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 26 डिग्री
न्युनतम तापमान 24 डिग्री

गुरुवार 04 सितंबर 2025
सुर्योदय प्रातः 06:01 बजे
सूर्यास्त सांय 18:41 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 टैरिफ संकट : करने होंगे तात्कालिक उपाय

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 320 | गाजियाबाद, गुरुवार 04 सितंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए विशेष पैकेज घोषित करें सरकार : राहुल

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड में भारी बारिश से मची तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इन राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की है। राहुल गांधी ने कहा कि इन राज्यों की स्थिति आपदाओं के कारण अत्यंत वीभत्स हो गई है और वहां जन जीवन संकट में आ गया है इसलिए सरकार को प्रभावित राज्यों के लिए और विशेषकर किसानों के हित में विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा "मोदी जी, पंजाब में बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपका ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद अत्यंत आवश्यक है। हज़ारों परिवार अपने घर, जीवन और अपनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।" उन्होंने कहा "मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों के लिए, खासतौर पर किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों को तेज़ किया जाए।"

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी 'करमा पूजा' की शुभकामनाएं, कहा- यह पर्व देता है प्रकृति-संरक्षण का संदेश

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को देशवासियों को 'करमा पूजा' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस पर्व को भाई-बहन के बीच स्नेह और सौहार्द का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर मैं समश्त देशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करती हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "सभी देशवासियों को 'करमा पूजा' की हार्दिक शुभकामनाएं। भाई-बहन के बीच स्नेह व सौहार्द का प्रतीक, यह पर्व हमें प्रकृति-संरक्षण का संदेश भी देता है। इस पावन अवसर पर मैं समश्त देशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करती हूं।" झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी 'करमा पूजा' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, "प्रकृति पर्व 'करमा पूजा' की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह लोकपर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ ही प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है। यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि लाए, यही मेरी मंगलकामना है।"

## सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका बुधवार को 17 सितंबर तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू द्वारा समय मांगे जाने के बाद मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गाडलिंग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर ने राजू के अनुरोध का विरोध करते हुए याचिका के 2023 से लंबित होने का हवाला दिया। ग्रोवर ने कहा कि गाडलिंग छह साल से ज्यादा समय से जेल में हैं और इस मामले में उन पर आरोप भी तय नहीं हुए हैं। सीजे बी. आर. गवई ने 26 अगश्त को यह सूचित किए जाने के बाद मामले की सुनवाई स्थगित की थी कि न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश ने जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। इससे पहले, न्यायमूर्ति सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करने वाली थी। गाडलिंग पर माओवादियों को सहायता प्रदान करने और मामले में फरार आरोपियों सहित कई सह-आरोपियों के साथ कथित तौर पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया था।

# अब जीएसटी की होंगी सिर्फ 2 स्लैब, 12 और 28 की दर खत्म

### जीएसटी परिषद वित्त की बैठक में प्रस्ताव पर लगी मुहर!

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷



नई दिल्ली में बुधवार को जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक हुई, जिसमें कई प्रशतावों पर मुहर लगी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। अब जीएसटी स्लैब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत को समाप्त कर दिया गया, जिनमें अधिकांश जरूरी चीजें शामिल हैं।

विलासिता और हानिकारक वश्तुओं के लिए एक अलग स्लैब होगा, जो 40 प्रतिशत है। पूरे देश में जीएसटी में बदलाव का फैसला 22 सितंबर से लागू होगा। इस फैसले से जीएसटी की टैक्स संरचना को और सरल बनाने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों को राहत मिल सकती है. खबरों के अनुसार, बैठक में कपड़ों जूतों को भी सश्ता करने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक जीएसटी परिषद की बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर टैक्स खत्म करने की सहमति बन गई है। इसके अलावा अधिकांश खाने- पीने और रोजमर्रा से जुड़ी वश्तुएं 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में आएंगी। आइए पूरी लिस्ट देख लेते हैं।

जीएसटी परिषद की बैठक में मक्खन, घी, ड्राई फ्रूट्स, कंडेंस्ड मिल्क, सॉसेज, मांस, जैम एवं जेली, नारियल पानी, नमकीन, पीने के पानी की 20 लीटर वाली बोतल, फल का गूदा और जूस, दूध वाले पेय, आइसक्रीम, पेस्ट्री, बिस्कुट, कॉर्न फ्लेक्स एवं अनाज जैसे उत्पादों पर टैक्स की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। कहने का मतलब है कि ये सभी प्रोडक्ट सश्ते हो गए हैं। इसके अलावा बिना पैक खाद्य पदार्थों पर शून्य कर जारी रहेगा।

टूथपाउडर, दूध पिलाने वाली बोतल, बर्तन, साइकिल, बांस के फर्नीचर और कंघी जैसी वश्तुओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किए जाने का प्रशताव है। वहीं, शैम्पू, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट, ब्रश, फेस पाउडर, साबुन और हेयर ऑयल पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर फैसला हुआ। सीमेंट पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और छोटे पेट्रोल-डीजल वाहनों एवं 350 सीसी इंजन तक के दोपहिया वाहनों पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर फैसला हुआ है। वहीं, टेलीविजन, एयर कंडीशनर, डिशवॉशर जैसे उपभोक्ता उत्पादों पर भी टैक्स को घटाकर 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का प्रशताव है।

जीएसटी परिषद की बैठक में जूते-चप्पल और रेडिमेड कपड़ों पर भी राहत का प्रशताव रखा गया। अभी तक 1,000 रुपये तक की कीमत वाले उत्पादों पर 5 प्रतिशत और उससे अधिक दाम वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने जूते-चप्पल एवं परिधानों पर 5 प्रतिशत टैक्स की सीमा बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का फैसला किया है। इससे ऊपर की श्रेणी के रेडिमेड कपड़े एवं जूते 18 प्रतिशत टैक्स के दायरे में आएंगे।

## भूटान के जे खेंपो और प्रधानमंत्री तोबगे राजगीर में शाही मंदिर समारोह के लिए भारत यात्रा पर

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷

भूटान के जे खेंपो, मुख्य मठाधीश ट्रुलकु जिग्मे चोएड्रा और भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे बुधवार को चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे हैं जहां वे गुरुवार को बिहार के राजगीर में शाही भूटान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। भूटान के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी ओम ताशी डोमा भी आ रही हैं। ये सभी आज सीधे बिहार के गयाजी पहुंचेंगे।

विदेश मंत्रालय ने आज बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद भूटान के प्रधानमंत्री अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर भी जाएँगे। राजगीर स्थित शाही भूटान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा भारत और भूटान के बीच बौद्ध धर्म की साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस मंदिर के लिए भूमि बिहार सरकार द्वारा प्रदान की गई है। परम पावन जे खेंपो और भूटान के प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-श्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है, जो इस विशेष साझेदारी की एक पहचान है।

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि श्री तोबगे का विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से भी मिलने का कार्यक्रम है। श्री तोबगे गुरूवार को गयाजी में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार सुबह वह अयोध्या जायेंगे और दोपहर बाद राजधानी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। शाम को डॉ. जयशंकर से मुलाकात के बाद श्री तोबगे शनिवार को वह भूटान रवाना हो जायेंगे।

# पश्चिमी यूपी के बिजनौर में नयाब तहसीलदार ने खुद करे गोली मारकर की आत्महत्या





✷ **महेश शर्मा. बिजनौर** ✷

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर बुधवार की दोपहर एक नायब तहसीलदार ने अपनी ही लाईसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

मृतक नायब तहसीलदार राजकुमार चौधरी (38) है जो सरकार काम से मंगलवार को इलाहाबाद कोर्ट में एक मामले की पैरवी के बाद आज सुबह 8 बजे ही आवास पर लौटे थे।

परिवारिजनों ने बिजनौर के एसपी अभिषेक झा को बताया कि उन्होंने सुबह घर पहुंचने के बाद कमरा बंद कर लिया और दो घंटो बाद करीब साढ़े 10 बजे खुद को गोली मार ली। आवाज सुनकर हम लोग पहुंचे। देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। 15-20 मिनट तक दरवाजा नहीं खुला, तो तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। उनके सिर से खून निकल रहा था।

परिवार आनन-फानन में उन्हें बीना प्रकाश अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएम जसजीत कौर मौके पर पहुंचीं। एसपी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने उस लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। जिससे गोली मारी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कमरे से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

विस्तृत समाचार पेज 3 पर

# यमुना प्राधिकरण को जीआईएस में मिला विशेष उपलब्धि पुरस्कार




✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि पुरस्कार (स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड) से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ईएसआरआई यूजर कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया, जिसका आयोजन दिल्ली के एरोसिटी स्थित होटल पुलमैन में किया गया।

इस अवसर पर यमुना प्राधिकरण की ओर से यह सम्मान प्राधिकरण के ओएसडी (आईएएस) शैलेंद्र कुमार भाटिया ने प्राप्त किया। यह सम्मान प्राधिकरण द्वारा स्मार्ट गवर्नेंस, भूमि प्रबंधन और नागरिक केंद्रित सेवाओं में जीआईएस तकनीक के अभिनव उपयोग के लिए दिया गया। इस समारोह में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में योजनाबद्ध शहरी एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। इसके लिए प्राधिकरण आधुनिक बुनियादी ढांचा, पारदर्शी प्रशासन और नागरिकों को केंद्र में रखकर सेवाओं की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

इस उपलब्धि के केंद्र में है यमुना प्राधिकरण वनमैप जियोपोर्टल, जिसे ईएसआरआई टेक्नोलॉजी स्टैक द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह एक एंटरप्राइज समाधान है जो केंद्रीकृत डेटा प्रबंधन और उन्नत निर्णय-समर्थन उपकरण प्रदान करता है।

इसके माध्यम से अवैध अतिक्रमण की पहचान के लिए परिवर्तन विश्लेषण (चेंज एनालिसिस) और फील्ड वर्क से पहले वर्चुअल सर्वे (प्री सर्वे मैपिंग) जैसे कई अभिनव कार्य किए जा रहे हैं।

यमुना प्राधिकरण में जीआईएस के प्रमुख उपयोग क्षेत्र में भूमि प्रबंधन-आवंटित, उपलब्ध और अधिग्रहित भूखंडों का डिजिटल रिकॉर्ड। शहरी नियोजन-मास्टर प्लान, जोनिंग, सड़कों और सुविधाओं के लिए सहायता।

अतिक्रमण पहचान-भूमि के अवैध कब्जे और दुरुपयोग की निगरानी। प्री-सर्वे मैपिंग-फील्ड वर्क से पहले वर्चुअल सर्वेक्षण नागरिक सेवाएं-मानचित्र, भूखंड विवरण और विकास योजनाओं के लिए ऑनलाइन पोर्टल। निर्णय सहयोग-नीतियों और परियोजनाओं के अनुमोदन हेतु डैशबोर्ड और एनालिटिक्स। अंतर-विभागीय एकीकरण-योजना, राजस्व, अभियंत्रण और प्रवर्तन विभागों के लिए साझा मंच करना आता है।

यमुना प्राधिकरण वनमैप जियोपोर्टल एक केंद्रीकृत जीआईएस प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है, जो सटीक भूमि प्रबंधन, स्मार्ट योजना, सक्रिय अतिक्रमण निगरानी और पारदर्शी नागरिक सेवाओं को सुनिश्चित करता है। यह उपलब्धि प्राधिकरण की सतत विकास और कुशल प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से पहले इंडिया गठबंधन की 'मॉक पोल' कराने की योजना

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷

उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितंबर को इंडिया गठबंधन के सांसद दिल्ली में बैठक करेंगे। इस दौरान उन्हें मतदान की प्रक्रिया समझाई जाएगी और एक 'मॉक पोल' भी कराया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार उपराष्ट्रपति का चुनाव सिंगल ट्रांसफरेबल वोट सिस्टम से होता है। इसमें सांसद उम्मीदवारों के नाम के आगे प्राथमिकता अंकित करते हैं।




पहली प्राथमिकता अनिवार्य है, जबकि बाकी प्राथमिकताएं वैकल्पिक हैं। यदि पहली प्राथमिकता नहीं दी गई तो वोट अमान्य हो जाएगा। चुनाव आयोग इसके लिए विशेष पेन देगा और किसी अन्य पेन से डाला गया वोट मान्य नहीं होगा। इस बार मुकाबला विपक्षी उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी और एनडीए उम्मीदवार, महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के बीच है। मतपत्र में रेड्डी का नाम पहले और राधाकृष्णन का नाम बाद में होगा।

कुल 782 सांसद वोट डाल सकते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जस्टिस रेड्डी को करीब 323 वोट मिल सकते हैं, जबकि राधाकृष्णन के पक्ष में 438 वोट जाने का अनुमान है। 21 सांसदों का रुख अभी साफ नहीं है। इसी बीच, जस्टिस रेड्डी ने सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि एक वैचारिक चुनाव है। उन्होंने वादा किया कि अगर वे उपराष्ट्रपति बने तो निष्पक्षता, गरिमा और संवाद की परंपरा को कायम रखेंगे।

# यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के पार, केंद्रीय जल आयोग की एडवाइजरी जारी



✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷

दिल्ली में यमुना नदी का जलश्तर एक बार फिर खतरे के निशान के पार पहुंच गया है। केंद्रीय जल आयोग ने ताजा बाढ़ पूर्वानुमान जारी करते हुए कई विभागों और एजेंसियों को सतर्क रहने और जरूरी कदम उठाने की सलाह दी है। इस एडवाइजरी को बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन से जुड़ी प्रमुख एजेंसियों के साथ साझा किया गया है।

केंद्रीय जल आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा, "दिल्ली के उत्तरी जिले में दिल्ली रेलवे ब्रिज पर यमुना नदी का जलश्तर लगातार गंभीर बना हुआ है।

यहां यमुना 207.27 मीटर के श्तर पर बह रही है और इसके जलश्तर में वृद्धि हो रही है, जो इसके खतरे के श्तर 205.33 मीटर से 1.94 मीटर ऊपर है।" बता दें कि दिल्ली में साल 2010 में यमुना का जलश्तर 207.11 मीटर पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे दिल्ली के रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलश्तर 207.09 मीटर दर्ज किया गया। अनुमान है कि यह जलश्तर बढ़ते हुए शाम 8 बजे तक 207.40 मीटर तक पहुंच सकता है। यह जलश्तर खतरे के निशान से कहीं ऊपर है और यदि यह प्रवृत्ति बनी रही तो आने वाले घंटों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

बता दें कि 204.50 मीटर जलश्तर को चेतावनी श्तर माना जाता है। अगर यह 205.33 मीटर पर पहुंच जाए, तो इसे खतरे का श्तर माना जाता है। 13 जुलाई 2023 को उच्चतम बाढ़ श्तर 208.66 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय जल आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वजीराबाद और ओखला बैराज से पानी की रिलीज जलश्तर को और प्रभावित कर सकती है। ऐसे में स्थिति को लगातार मॉनिटर किया जा रहा है।

प्रशासन ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने को कहा है। साथ ही, नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## केंद्र ऐसा नीति बनाए ताकि जमानत मिलने के बाद विदेशी भाग न सके : सुप्रीम कोर्ट

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से एक ऐसी नीति बनाने के लिए कहा है ताकि भारत में अपराध करने के बाद विदेशी नागरिक जमानत मिलने के बाद न्यायिक प्रक्रिया से भाग नहीं सके।

शीर्ष अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी नाइजीरियाई नागरिक जमानत मिलने के बाद फरार होने के मामले में केंद्र को यह निर्देश दिया।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि 'एक ऐसी नीति की आवश्यकता पर है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि देश में अपराध करने वाले विदेशी नागरिक 'न्याय से भाग न सकें। पीठ ने पिछले साल 4 दिसंबर को झारखंड उच्च न्यायालय के मई 2022 के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें आरोपी एलेक्स डेविड को जमानत दी गई थी।

पिछले सप्ताह जब इस मामले की सुनवाई हुई तो पीठ ने कहा कि नाइजीरियाई नागरिक को देश में आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने के संबंध में नाइजीरिया और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय संधि नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि 'ऐसे में हम विशेष अनुमति याचिका का निपटारा कर रहे हैं, जिसमें आरोपी के जमानत रद्द करने के आदेश की पुष्टि की गई है।

हालांकि पीठ ने फैसले में कहा है कि 'केंद्र सरकार के लिए यह विकल्प खुला छोड़ दिया गया है कि वह एक उपयुक्त नीति बनाए या आगे की कार्रवाई शुरू करे जो आवश्यक और उचित समझी जाए ताकि विदेशी नागरिक भारत में अपराध करने के बाद न्याय की राह से नहीं भाग सके।

## फैक्टरियों को मजदूर देने वाली कंपनी से 33 लाख की धोखाधड़ी

✷ **एनसीआर टुडे. नोएडा** ✷। फैक्टरी के लिए श्रमिक उपलब्ध कराने वाली कंपनी के साथ 33 लाख 39 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कंपनी मालिक ने कोर्ट के आदेश पर फेज-3 थाने में फैक्टरी की निदेशक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-65 स्थित कंपनी की मालिक ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी कंपनी अन्य कंपनियों को श्रमिक उपलब्ध कराती है। पास की एक कंपनी मैसर्स कात्यानी इंटरनेशनल की निदेशक प्रतिमा पाठक ने पिछले वर्ष अपनी फैक्टरी में श्रमिकों के लिए संपर्क किया। उन्हें हाउस कीपिंग, सिक्योरिटी गार्ड और श्रमिक उपलब्ध करा दिए। आरोप है कि इसका 33 लाख 39 हजार 280 रुपये भुगतान कंपनी को करना था, लेकिन उन्होंने खर्च का भुगतान नहीं किया। कई बार रकम मांगने के बावजूद दूसरी कंपनी पैसे देने से बचती रही। आरोप है कि जब वह आरोपी की कंपनी में भुगतान की मांग करने पहुंचीं तो उनके साथ मारपीट की और कंपनी के कर्मचारियों ने उनकी लज्जा भंग करने के उद्देश्य से अभद्रता करने का प्रयास किया। पीड़ित पुलिस के पास पहुंची, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। फिर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू हुई।

## दोस्तों संग पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

✷ **एनसीआर टुडे. नोएडा** ✷। फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित पर्थला फ्लाईओवर के पास रविवार शाम दो दोश्तों संग पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला हरदोई के सराय गांव निवासी वीरपाल ने पुलिस को बताया कि भतीजा बबलू नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। वह 31 अगश्त की शाम करीब 7.15 बजे गांव निवासी दोश्त आशीष पाल और विपिन के साथ गढ़ गोल चक्कर से पर्थला फ्लाईओवर की तरफ पैदल जा रहा था। तीनों साथ में चल रहे थे। बबलू सड़क की तरफ था। आरोप है कि तभी पीछे से एक अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बबलू को टक्कर मार दी और भाग गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से बबलू को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान बबलू की मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक इतनी तेज गति से भागा कि दोनों दोश्त उसका नंबर भी नहीं देख पाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से ट्रक का पता लगाया जा रहा है।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल

✷ **एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा** ✷। पुलिस और रिक्शा सवार बदमाश के बीच मंगलवार की रात मुठभेड़ हो गई। बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। आरोपी एक कंपनी के गोदाम से चोरी किए हुए सामान को रिक्शा में भरकर ले जा रहा था। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि मंगलवार की रात थाना इकोटेक-3 पुलिस पुश्ता रोड कुलेसरा में पेट्रोलिंग कर रही थी। ग्राम लखनावली की तरफ से एक व्यक्ति रिक्शा पर सामान लादे हुए आता दिखा। वह पुलिस टीम को देखकर पुश्ता रोड से नीचे लिंक रोड पर रिक्शा लेकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान इमरान निवासी ग्राम हकीकतपुर गंगवाली, थाना नगीना, जिला बिजनौर के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक तमंचा और रिक्शा में भरे एल्युमिनियम के छोटे-बड़े फ्रेम बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उसने मंगलवार की रात अपने दो साथियों पुष्पेन्द्र और कन्हैया के साथ मिलकर ग्राम हबीबपुर में एक प्राइवेट कंपनी के गोदाम में चोरी की थी।

## कलेक्ट्रेट में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदर्शन

✷ **एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा** ✷। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम मंगलेश दुबे को सौंपा। संगठन के संस्थापक प्रवीण भारतीय ने बताया कि जिले में अधिकारियों की लापरवाही के कारण नकली घी, पनीर और अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही है।

# पार्टी संरक्षण नहीं देगी; विधायक पठानमाजरा मामले पर आम आदमी पार्टी ने तोड़ी चुप्पी



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
बाढ़ प्रबंधनों और अफसरशाही पर अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पंजाब के सनौर से आम आदमी पार्टी विधायक की गिरफ्तारी और फिर हिरासत से फरार होने के मामले में आप ने अब चुप्पी तोड़ी है। आम आदमी पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि सनौर के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा से जुड़े घटनाक्रमों और मामले से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट किया और कहा कि गलत काम करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जनता के साथ पूरी जानकारी साझा करना जरूरी है, क्योंकि पठानमाजरा आम आदमी पार्टी के निर्वाचित विधायक हैं।

**महिला ने क्या लगाया आरोपः** उन्होंने बताया कि विधायक को आज सुबह एक महिला द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के सिलसिले में पुलिस ने हिरासत में लिया था। महिला ने आरोप लगाया है कि वह 2021 से पठानमाजरा के साथ रिश्ते में थी और उन्होंने एक गुरुद्वारे में शादी भी की थी। पन्नू ने कहा कि जब पठानमाजरा ने 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने खुद अपनी वैवाहिक स्थिति का खुलासा किया था। शिकायत के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया है कि पठानमाजरा ने हाल के दिनों में भी उसके साथ फिर से संबंध बनाने की कोशिश की थी। जब उसने पुलिस से संपर्क करने की धमकी दी, तो उसने दावा किया तो उसे निजी तस्वीरें और वीडियो लीक होने की धमकी देकर डराया गया। इसी आधार पर पुलिस ने बलात्कार सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

**बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः** पन्नू ने कहा कि जब पठानमाजरा को पुलिस कार्रवाई की आशंका हुई तो उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन किसी ने उन्हें सही नहीं माना क्योंकि आम आदमी पार्टी ने हमेशा ऐसे मामलों में जीरो टॉलिरेंस की नीति अपनाई है। जैसा कि अरविंद केजरीवाल चरित्र हमेशा जोर देते रहे हैं। इस तरह के मामलों में पार्टी किसी को भी बचाने के लिए हस्तक्षेप नहीं करती, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि पठानमाजरा को यह एहसास हो गया था कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है, इसलिए उन्होंने पिछले कुछ दिनों में झूठे मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने की कोशिश की।

**कानून अपना काम करेगा=:** हाल के दिनों में प्रसारित वीडियो से यह पता भी चलता है कि उनके करीबी सहयोगियों को पुलिस कार्रवाई की जानकारी थी। आज सुबह पंजाब पुलिस ने पठानमाजरा को हरियाणा में ढूंढ निकाला और हिरासत में ले लिया है। हालांकि उपलब्ध जानकारी के अनुसार वह हिरासत से फरार हो गए हैं। पुलिस इस मामले में आगे की जानकारी साझा करेगी। पन्नू ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने सिद्धांत पर अडिग है। कानून अपना काम करेगा। एक पार्टी के रूप में हमारे लिए जनता के साथ पारदर्शी रहना जरूरी है लेकिन ऐसे मामलों में पार्टी किसी को भी बचाने या संरक्षण देने का काम नहीं करेगी। पूर्व पत्नी से जुड़े एक पुराने मामले रेप के तहत हरियाणा के करनाल से आज सुबह गिरफ्तार किए गए पंजाब की सन्नौर विधानसभा सीट से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए हैं। पुलिस उन्हें थाने ले जा रही थी, तभी पठानमाजरा और उनके साथी चकमा देकर फरार हो गए। पठानमाजरा और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में फरार हो गए, जिनमें से पुलिस ने फॉर्च्यूनर को पकड़ लिया है। जबकि पुलिस टीम स्कॉर्पियो में फरार विधायक का पीछा कर रही थी लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है कि वह कहां हैं? वहीं, पठानमाजरा ने गिरफ्तारी से पहले एक वीडियो जारी कर कहा था कि पंजाब पुलिस ने मेरी पूर्व पत्नी से जुड़े एक पुराने मामले में रेप केस दर्ज किया है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी टीम पंजाब पर हावी होने की कोशिश कर रही है और मेरी आवाज दबाई जा रही है।

### रामलला के दर्शन करने आएंगे भूटान के पीएम

# राम मंदिर परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां और विदेशी राजनयिक एवं अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि यहां आ चुके हैं। इसी कड़ी में 5 सितंबर को भूटान के प्रधानमंत्री दोसा शेरिंग टोबगे भी यहां आ रहे हैं। राजकीय अतिथि के रूप में यहां आ रहे भूटान पीएम टोबगे का जिला प्रशासन रेड कार्पेट वेलकम करेगा। इसके अलावा उनके सम्मान दोपहर के लंच का भी इंतजाम किया गया है। वहीं उन्हें रामलला का दर्शन कराने के साथ राम मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन कराने की भी योजना है। इसके पहले सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था का मास्टर प्लान जिला प्रशासन ने तैयार कर लिया है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भूटान पीएम टोबगे के आगमन पर उनके स्वागत के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही के अलावा केंद्र सरकार के भी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि वह भारत दौरे पर आ चुके हैं और दो दिन वह बिहार राज्य में प्रवास करेंगे। इसके बाद पांच सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे वह यहां आएंगे। करीब चार घंटे वह जनपद में व्यतीत करेंगे और इसके बाद नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। उनके दौरे को लेकर जिलाधिकारी टीकाराम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर, सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे व अन्य अफसरों के साथ सोमवार की सायंकाल श्रीराम जन्मभूमि परिसर का निरीक्षण किया था। इस दौरान भूटान पीएम के आवागमन का रुप भी निर्धारित किया गया। हालांकि बरसात के कारण कीचड़ हो जाने और अंधेरे के कारण अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। यह भी सुनिश्चित किया गया कि विदेशी मेहमान की मौजूदगी में रामलला के दर्शनार्थी श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा को किस तरह से न्यून किया जाए।

## यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार ट्रक से भिड़ी, 3 युवकों की मौत



**अमेठी, एजेंसी।**
यूपी के अमेठी जिले में शुकुलबाजार थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे उस समय चीख-पुकार से गूंज उठा, जब तेज रफ्तार ब्रेजा कार एक ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। भीषण सड़क हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह पिचक गई और उसमें सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान यातायात बाधित हो गया है। मौके पर पुलिस ने ट्रैफिक बहाल कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, सड़क हादसा थाना क्षेत्र के आशीष पुर गांव के पास हुआ। ट्रक में जनरेटर का सामान लदा था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। भीषण हादसे के चीख-पुकार मच गई। लोगों ने घटना की सूचना दी। सूचना पाते ही एक्सप्रेसवे पेट्रोलिंग टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी शुकुलबाजार भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अर्पित विश्वकर्मा निवासी कानपुर नगर, विमल पांडेय निवासी लखनऊ और विनय दुबे पता अज्ञात के रूप में हुई। हादसे की सूचना पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को दी गई।

# मधुबन बापूधाम योजना में 15 साल बाद किसानों-आवंटियों का इंतजार खत्म, प्लॉट देने पर मुहर



**गाजियाबाद, एजेंसी।**
मधुबन बापूधाम योजना से प्रभावित किसानों को 15 साल बाद भूखंड मिलेगा। इसमें 800 एकड़ और 281 एकड़ जमीन देने वाले 1063 किसान शामिल हैं। वहीं, अन्य योजना में श्मशान घाट के पास आवंटित प्लॉट की जगह दूसरे स्थान पर आवंटियों को प्लॉट दिए जाएंगे।

जीडीए ने वर्ष 2004 में छह गांवों की करीब 1,234 एकड़ जमीन पर मधुबन बापूधाम योजना लॉन्च की थी, जिसमें से 800 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया। फिर 153 एकड़ और मिल गई और इसे भी विकसित किया गया, जबकि बची हुई 281 एकड़ जमीन के किसान सुप्रीम कोर्ट चले गए। साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अंत में जीडीए ने नए भू-अधिग्रहण कानून के तहत 281 एकड़ जमीन के किसानों को मुआवजा देते हुए जमीन का अधिग्रहण कर लिया। इस फैसले के बाद 800 एकड़ जमीन के किसान भी नए भू-अधिग्रहण कानून के तहत बढ़े मुआवजे की मांग कर रहे थे। साथ ही सभी किसान जमीन दिए जाने की एवज में मिलने वाले प्लॉटों की भी मांग कर रहे थे।

किसानों का कहना था कि योजना के लिए करीब 15 साल पहले किसानों से हुए करार को पूरा किया जाए। इस करार के तहत प्राधिकरण को योजना में किसानों को प्लॉट विकसित करके देने हैं, जिसमें से जीडीए द्वारा करीब 115 प्लॉट किसानों को आवंटित किए जा चुके हैं, जबकि अभी तक 762 किसानों को प्लॉट नहीं मिले हैं। अब जीडीए बोर्ड ने संशोधित लेआउट का प्रस्ताव पास कर दिया है। ऐसे में किसानों को विकसित प्लॉट मिलेंगे। 800 एकड़ वाले किसानों को छह फीसदी विकसित प्लॉट दिया जाएगा, जबकि 281 एकड़ वाले 301 किसानों को कोर्ट के आदेश के बाद 20 फीसदी विकसित प्लॉट दिया जाएगा। उन्हें 10,236 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से विकास शुल्क देना होगा। बता दें कि पिछले दिनों जीडीए ने किसानों से आपत्ति व सुझाव मांगे थे, जिनके बाद प्रस्ताव को बोर्ड में रखकर मंजूरी दिलाई गई है। वहीं, मधुबन बापूधाम योजना में श्मशान से पास मिले प्लॉट अब दूसरे स्थान पर मिलेगा। जीडीए बोर्ड बैठक में मानचित्र में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई।

मेरठ में मंगलवार को हुई जीडीए बोर्ड बैठक में गाजियाबाद महायोजना 2031 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इससे महानगर, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी में जीडीए का दायरा 12 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ गया है। साथ ही आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर की योजनाएं आएंगी। भविष्य की जरूरतों के मुताबिक गाजियाबाद को बसाया जा सकेगा। मुख्य रूप से नमो भारत ट्रेन, मेट्रो रेड व ब्लू लाइन के किनारे टीओडी जोन के तहत विकास होगा। रेड लाइन के साथ 482.63 हेक्टेयर और ब्लू लाइन के साथ 153.98 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के स्टेशन के चारों तरफ 1.5 किलोमीटर और 500 मीटर के दायरे में टीओडी जोन के तहत विकास होगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए संभावनाएं सबसे अधिक है। साथ ही उद्यम स्थापित हो सकेंगे। इसके साथ ही अन्य कई क्षेत्रों में निवेश के रास्ते होगा, जिससे जनपद में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# जगदीप धनखड़ अपनी बात बताएं तो हम दिल्ली जाम कर दें: सांसद बेनीवाल



**नागौर, एजेंसी।**
राजस्थान के नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर सियासी माहौल को गरमाते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर बड़ा बयान दिया है। मंगलवार दोपहर चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र के सिंगड़ी गांव में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में पहुंचे बेनीवाल ने केंद्र और राज्य की राजनीति को घेरते हुए कई तीखे तीर चलाए।

बेनीवाल ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ को लेकर कहा– जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद से हटा दिया गया है और वे बोल नहीं पा रहे हैं। इतना डरे हुए हैं कि जैसे ही बोलेंगे, उनकी सांस निकाल दी जाएगी। अगर वे अपनी बात खुलकर रख दें, तो हम दिल्ली को घेर लेंगे। यह कहते हुए बेनीवाल ने साफ किया कि वे चाहते हैं कि धनखड़ खुलकर अपनी चुप्पी तोड़ें और सच देश के सामने रखें। सभा के दौरान बेनीवाल ने बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर एक साथ निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने प्रदेश के साथ-साथ उनकी पार्टी को भी लूट लिया। दिल्ली में हमारी पार्टी का कोई मंत्री कैबिनेट में नहीं है और राजस्थान में जो मंत्री हैं, उन्हें मंत्री कहना ही बेकार है। आधे से ज्यादा तो दलाल बनकर बैठे हैं। अपने भाषण में बेनीवाल ने पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यपाल मलिक और स्व. कर्नल सोनाराम को लेकर भी केंद्र और कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा– कर्नल सोनाराम का निधन हुआ तो कांग्रेसियों ने दिल्ली दफ्तर में उन्हें जगह तक नहीं दी और शव मॉर्चुरी में पड़ा रहा। सत्यपाल मलिक का निधन हुआ, लेकिन उन्हें तिरंगे में नहीं ले जाया गया। यह सब दिखाता है कि इन दलों को अपने नेताओं और सिपाहियों की भी परवाह नहीं है। विधानसभा और उपचुनावों में मिली करारी हार पर बेनीवाल ने अपने ही कार्यकर्ताओं के बीच मन की भड़ास भी निकाली। उन्होंने कहा– आज हमारी हालत यह है कि राजस्थान में तीन विधायक से एक पर, और फिर शून्य पर आ गए।

# छत्तीसगढ़ में श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई गाड़ी

### 3 की मौत और 22 जख्मी




**जशपुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के बगीचा में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक वाहन की चपेट में आने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए। हादसा बगीचा चरईडांड स्टेट हाईवे पर मंगलवार देर रात करीब 12 बजे हुआ। एक बोलेरो अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं को कुचलती चली गई। लगभग डेढ़ सौ लोग विसर्जन जुलूस में शामिल थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। आक्रोशित भीड़ ने चालक की मौके पर जमकर पिटाई कर दी जबकि बोलेरो में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता जनप्रतिनिधि शंकर गुप्ता और बगीचा एसडीओपी दिलीप कोसले व पुलिस की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और मिलकर बचाव कार्य में जुट गए। कुछ घायलों को गांव के अन्य लोगों ने अपनी सुविधा से इलाज के लिए रवाना किया। घायलों को तत्काल 108 की मदद से बगीचा अस्पताल लाया गया। कांसाबेल,कुनकुरी, सन्ना समेत जिलों के अन्य अस्पतालों से 108 संजीवनी बुलाया गया और तत्काल घायलों को रेफर किया गया। एसडीओपी दिलीप कोसले, एसडीएम प्रदीप राठिया, तहसीलदार महेश्वर उईके और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव में सक्रिय रहे, वहीं देर रात एक बजे एसएसपी शशि मोहन सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि हादसे में लगभग दो दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास देर रात दो बजे बगीचा अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायलों व मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# 30 सितंबर तक जम्मू-कटरा रूट पर 68 ट्रेनें रद्द




**जम्मू , एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने भारी बारिश के कारण जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 68 ट्रेनों को 30 सितंबर तक रद्द कर दिया है, जबकि 24 ट्रेनों के सेवा बहाल होने की उम्मीद है। लगातार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण पिछले आठ दिनों से जम्मू संभाग में रेल यातायात बाधित है, जिससे पठानकोट-जम्मू खंड सहित कई जगहों पर पटरियों का संरेखण गड़बड़ा गया है और रेलगाड़ियाँ टूट गई हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर, 26 अगस्त से जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हज़ारों लोग, खासकर तीर्थयात्री, फंस गए हैं, जिससे रेल और सड़क यातायात बुरी तरह बाधित हुआ है। कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के पास हुए भूस्खलन में 34 लोगों की जान चली गई। जम्मू क्षेत्र में बुधवार तक 380 मिमी बारिश के साथ 1910 के बाद से सबसे भारी बारिश दर्ज की गई। एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, फंसे हुए यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए, निम्नलिखित ट्रेन सेवाएँ चलाई जा रही हैं: जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा (2 शटल सेवाएँ), जम्मू तवी-कोलकाता और श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली। अधिकारी ने बताया कि 1 से 15 सितंबर तक चलने वाली शटल सेवा के लिए जम्मू-कटरा सेक्शन में चार ट्रेनें शामिल की गई हैं। रेलवे ने संपर्क क्रांति और सियालदह एक्सप्रेस ट्रेनों, कांत्री एक्सप्रेस, वंदे भारत, त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस और शटल सेवाओं का संचालन बहाल कर दिया है। वंदे भारत ट्रेन 7 सितंबर से फिर से शुरू होगी। कुल 5,784 फंसे हुए यात्रियों को जम्मू से सात ट्रेनों में उनकी आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया है। अधिकारी ने कहा, स्थानीय लोगों और जम्मू और कटरा के बीच फंसे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए दो जोड़ी ट्रेनों के साथ शटल सेवाएँ शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कोलकाता और वैष्णो देवी-नई दिल्ली ट्रेनें चल रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि गौरतलब है कि मंगलवार शाम कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जबकि मौसम विभाग ने घाटी के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार शाम रुक-रुक कर बारिश हुई और ज़्यादातर हिस्सों में बारिश की तीव्रता हल्की से मध्यम रही, जबकि दक्षिण कश्मीर के कुछ इलाकों में भारी बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी संबंधित विभाग हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक घाटी में झेलम नदी और अन्य जलाशय बाढ़ की चेतावनी के निशान से काफी नीचे बह रहे हैं। अधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे जम्मू, कठुआ, रियासी, डोडा, उधमपुर, राजौरी, रामबन और पीर पंजाल रेंज और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में संभावित बादल फटने, भूस्खलन और जलभराव की चेतावनी दी गई है। रामबन के बटोटे में सबसे अधिक 55.1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## नोएडा में कार गैराज में लगी आग, आठ कारें जलकर खाक

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷। नोएडा के सेक्टर 63 में स्थित एक कार गैराज में बीती रात आग लग गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचीं दमकल विभाग की आठ गाड़ियों की मदद से उसपर काबू पाया गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि विपुल मोटर्स नामक गैराज में मारुति कंपनी की गाड़ियों की सर्विस और मरम्मत होती है। उन्होंने बताया कि रात डेढ़ बजे के आसपास गैराज में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते पूरे परिसर में फैल गई और वहां खड़ीं आठ कारें पूरी तरह से जल गईं। अधिकारी ने बताया कि वहां रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की आठ गाड़ियों की मदद से करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## पुलिस कमिश्नर ने पांच अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷। प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पांच राजपत्रित अधिकारियों के कार्य विभाजन के संबंध में बुधवार को आदेश पारित किया। इसके तहत डा. प्रवीण रंजन सिंह पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त लाइन एवं प्रभारी पुलिस उपायुक्त आरटीसी के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आईपीएस शैव्या गोयल को स्टाफ ऑफिसर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर से अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा, प्रभारी पुलिस उपायुक्त नारकोटिक्स एवं अपर पुलिस उपायुक्त साइबर सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। मनीषा सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा से प्रभारी पुलिस उपायुक्त यातायात की जिम्मेदारी मिली है। पवन कुमार सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, मॉनिटरिंग सेल, प्रभारी ऑपरेशन कनविक्शन और रिट सेल के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उमेश यादव एसीपी अपराध के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## नाली के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷। ग्रेनो वेस्ट के इटेडा गांव में नाली को लेकर चल रहे विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। ग्रेनो वेस्ट के इटेडा गांव में रहने वाले धर्मवीर यादव ने पुलिस को बताया की सोमवार की शाम उनका बेटा अनुज दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान परिवार के ही रहने वाले संजय, विकुल, साहिल, भीम ने अनुज को रास्ते में रोक कर उसपर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे से हमला किया। इसके बाद किसी वाहन से अनुज को टक्कर मारी गई। घायल अनुज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया में अनुज का इलाज चल रहा है। धर्मवीर यादव ने बताया कि आरोपी उसके ही परिवार के रहने वाले हैं। पीड़ित ने विवाद में इससे झगड़ा चल रहा है। रंजिश मानते हुए आरोपियों ने बेटे पर हमला किया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत बिसरख कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा नेता रोहित रवि ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नगीना विधानसभा की समस्याओं के बारे में बताया

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। भाजपा वरिष्ठ नेता रोहित रवि ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से भेंट कर नगीना सामाजिक कार्य एवं मथुरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का मंदिर बनवाने की रखी मांग। नगीना पूर्व विधायक सतीश कुमार के पुत्र भाजपा नेता रोहित रवि,सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम राम हृदय राम, सदस्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश नीरज गौतम ने अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मथुरा में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर बनवाने की मांग रखी। गोरखपुर, बनारस, अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर आदि स्थानो पर रविदास मंदिर एवं स्थलों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहयोग हेतु व विकास कार्य के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रोहित रवि,सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य वित्त विकास निगम राम हृदय राम, सदस्य उत्तर प्रदेश अनु जाति जनजाति आयोग नीरज गौतम,अनमोल वर्मा, एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## त्यौहारों को लेकर थाने में बैठक

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷। थाना नजीबाबाद प्रांगण में एक आवश्यक बैठक शहर के गणमान्य लोगों की आयोजित हुई। जिसमें आगामी त्योहार श्री गणेश चौथ महोत्सव और 12 वफात के मध्य नजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनता से अपील की गई थी आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## श्री गणपति सेवा मंडल के पंडाल में सुन्दरकाण्ड तथा भजनो को सुनने को उमड़े श्रद्धालु

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। मौहल्ला सराय मीर में श्री गणपति सेवा मंडल द्वारा पंडाल में स्थापित की गई भगवान श्री गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना के लिए सातवें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे रहे। पंडाल में सत्यम म्यूजिकल ग्रुप के गायक लक्ष्मण सैनी व सत्यम सैनी द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ की सुंदर प्रस्तुति की गई। वहीं चांदपुर से पधारे गायक शशिकांत द्वारा गाए भजनों से सभी श्रद्धालुओं को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ का आलम यह रहा कि पंडाल में पैर रखने की जगह तक नहीं थी। इस अवसर पर श्री गणपति सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन काम्बोज, प्रमोद चौहान,विनीत विश्नोई, अभिषेक अग्रवाल,हर्ष मल्होत्रा,आदित्य चौहान, एड.अरुण अग्रवाल,किरण चौहान, किरन कम्बोज,,अमित वर्मा,विजय गर्ग, धीरज गुप्ता, सुषमा अग्रवाल, सुशील कुमार, महेंद्र वर्मा, अनुज अग्रवाल, आरती अग्रवाल,विकास अग्रवाल, शलभ अग्रवाल,मिनाक्षी सक्सेना, सुबोध गिलोत्रा, मधु गिलोत्रा,अंजना गुप्ता,आरती अग्रवाल, आदि रहे।

# सुबह के 10 बजे, एक गोली की अवाज और जीवन लीला समाप्त

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में पैरवी करने के बाद आज सुबह ही बिजनौर लौटे थे नायब तहसीलदार**

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

इलाहाबाद हाईकोर्ट से आज सुबह ही लौटने के बाद नायब तहसीलदार राजकुमार चौधरी अपने कमरे में चले गए। इसी दौरान करीब 10 बजे गोली चलने की आवाज हुई। लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

एसपी अभिषेक झा को परिवार ने बताया- घर पहुंचने के बाद उन्होंने कमरा बंद कर लिया। करीब साढ़े 10 बजे खुद को गोली मारी। आवाज सुनकर हम लोग पहुंचे। देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। 15-20 मिनट तक दरवाजा नहीं खुला, तो तोड़कर उन्हें बाहर निकाला। उनके सिर से खून निकल रहा था।

परिवार आनन-फानन में उन्हें बीना प्रकाश अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएम जसजीत कौर मौके पर पहुंचीं। SP ने बताया- पुलिस ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने उस लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में ले लिया है। जिससे गोली मारी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कमरे से कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।



**माता-पिता, पत्नी और दो बेटियों के साथ रहते थे**

बिजनौर की सदर तहसील में तैनात राजकुमार बागपत छपरौली क्षेत्र के गांव नगला कोड़ी के रहने वाले थे।परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी आंचल और दो बेटीयां है। बड़ी बेटी सिया 7 साल, जबकि छोटी बेटी सईं डेढ़ साल की है। घर वालों के मुताबिक इलाहाबाद से लौटने के बाद वह अपने रूम में थे। हम लोग दूसरे कमरे में थे। सुबह साढ़े 10 बजे उनके कमरे से अचानक गोली चलने की आवाज आई।

हम लोग कमरे की तरफ दौड़े तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद शोर मचाया तो मौके पर SDM सदर रितु रानी, ADM प्रशासन विनय सिंह मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला गया।तत्काल तहसीलदार की गाड़ी में इनको सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने तत्काल मेरठ ले जाने की सलाह दी।

हालात क्रिटिकल देखते हुए शहर के ही बीना प्रकाश अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि गोली सिर के आरपार हो गई थी। जिससे सिर में गहरा घाव हो गया, कई नसें फट गई। काफी प्रयास के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

**3 महीने पहले नगीना से दोबारा सदर तहसील हुआ था ट्रांसफर**

राजकुमार की ज्वाइनिंग राजस्व निरीक्षक( RI) के रूप में बागपत में हुई थी। इसके बाद प्रमोशन पाकर नायब तहसीलदार बने। 30 जून, 2022 को बिजनौर जिले में ज्वाइनिंग किया। 2 जुलाई 2022 को नजीबाबाद में नया तहसीलदार के पद पर तबादला हुआ और 4 जुलाई को ज्वाइन किया 14 अगश्त 2023 को नजीबाबाद से बिजनौर की सदर तहसील में ट्रांसफर होकर आए थे। 6 जून 2024 को यहां से फिर नगीना तहसील में तबादला हो गया था ।11 महीने नगीना में कार्यभार संभाला और 13 मई 2025 को फिर से इनका तबादला सदर बिजनौर हो गया था।

**2014 में शादी हुई थी, पिता बोले- अब हमारा क्या होगा**

राजकुमार के पिता कुंवरपाल ने बताया- बेटे की शादी 2014 में शामली से बाबरी गांव से हुई थी। बहू और बेटे ने कभी किसी प्रकार के तनाव वाली बात नहीं बताई। वो कल ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में किसी मामले में जवाब दाखिल करने गया था।

सुबह ही वहां से लौटा था। उस समय भी ठीक था। अचानक उसने ऐसा क्यों किया कुछ समझ नहीं आ रहा। हम लोग बेटे के सहारे जी रहे हैं । वो चला गया।अब मेरी दुनिया में अंधेरे के अलावा कुछ नहीं बचा अब हमारा क्या होगा।

## दहेज के मामले में 7 पर FIR

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

3 सितंबर को 12:00 मुकदमा दर्ज किया गया प्रार्थी सपना द्वारा थाना प्रभारी को तहरीर सौंपते हुए अपने पति, ससुर, सास, जेठ जेठानी और देवर सहित सात लोगों के खिलाफ मारपीट में दहेज मांगने को लेकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जिसके आधार पर थाना प्रभारी नजीबाबाद द्वारा मारपीट व दहेज अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

आपको बता दें दी गई तहरीर में प्रार्थी सपना द्वारा जानकारी दी गई कि थानाध्यक्ष थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी सपना W/O पीतम ग्राम गुनियापुर की रहने वाली है। 1 अगश्त को शाम 4 बजे लगभग मेरे ससुराल वालो ने मेरे साथ मारपीट की है। जिसमे मेरा पति भी शामिल है। मेरे पति ने लाठी डन्डो से मारपीट की है। जिससे मेरे दाहिने हाथ




की उंगली भी टूट गयी है। मेरे ससुराल वाले व पति मेरी शादी के बाद से दहेज मांगते है। आये दिन गाली गलौच व मारपीट करते रहते है। जिसमे मेरे ससुर महेन्द्र, सास पिंकी, जैठ चन्द्रप्रकाश, जैठानी बबली, देवर यशपाल, देवर लौकेश मारपीट व गाली गलौच करते रहते है। जान से मारने की धमकी देते है। प्रार्थिनी की रिपोर्ट दर्ज कर उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर पति सहित सात लोगों पर मारपीट और दहेज अधिनियम के अंतर्गत संबंधित धाराओं में मुकदमा लिखा गया है।

## दशलक्षण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में मनाा

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में मना। कार्यक्रम में अभिषेक, शांतिधारा व पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने मंगल आरती की।

इस दौरान आर्यिका निसर्ग माता जी ने कहा कि आज का मानव पांचो इंद्रियों का गुलाम बना हुआ है और इनका गुलाम बन कर अपने जीवन को पतन की ओर ले जा रहा है। संयम जीवन को महान बनाता है।

संयम मोक्ष जाने के लिए एक पड़ाव है। कहा जिस प्रकार भोजन में सब कुछ हो और नमक न हो तो भोजन बेकार है, अस्पताल में सब कुछ हो और चिकित्सक न हो तो अस्पताल बेकार है।

ठीक उसी प्रकार जीवन में सब कुछ हो परंतु संयम न हो तो मानव जीवन बेकार होता है। कहा कि संयम एक कड़वा पौधा है।

**41 वाँ गणपति महोत्सव, श्री सिद्धिविनायक मंदिर, गणेश उत्सव का आठवां दिन**

## पवित्र मन से की गई उपासना से शीघ्र प्रसन्न होते हैं भगवान गणपति

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

गणपति महोत्सव के सातवें दिन की संध्या के पूजन के मुख्य जजमान सर्वेश कुमार ज्वेलर्स, श्रीमती बिंदु सराफ ज्वेलर्स और आठवें दिन सुबह के मुख्य जजमान रवि अग्रवाल खाद वाले को एवं उनके परिवार जनों को पंडित जितेंद्र डबराल में पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति जी की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित संजय डबराल ने भगवान गणपति के अनेक रूपों की चर्चा की और कहा कि श्री गणेश अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं।

वह अपने भक्तजनों को कभी निराश नहीं करते। उनके आशीर्वाद से रिद्धि सिद्धि की प्राप्ति होती है तथा बुद्धि का विकास होता है।

भगवान गणपति की आराधना से सभी कार्य केवल सफलतापूर्वक ही संपन्न नहीं होते अपितु सभी कार्य स्वयं ही सध जाते हैं।

इसी अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणेश जी को दूब घास, मोदक,लाल फूल,सिंदूर और शमी के पत्र चढ़ाने से वे अत्यधिक प्रसन्न होते हैं।

बुधवार के दिन इनका विशेष पूजन किया जाता है। इस दिन उन्हें घी गुड़ का भोग लगाने और गणेश मंत्र का जाप करने से भी वह शीघ्र प्रसन्न होते हैं 1 सर्व कार्य सिद्धि के लिए भगवान गणेश की प्रार्थना सर्वप्रथम करनी चाहिए 1

भगवान गणेश समश्त बधाओ को दूर कर सफलता के दिन दिलाने में सर्वोपरि हैं।

**'वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि संप्रभ**:

इस मंत्र का जाप करने से सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी जी ने उन्हें समृद्धि के स्वामी होने का वरदान दिया है। इसलिए सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए भगवान गणेश की पूजा अर्चना का विधान है।

दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य जजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ एस के जौहर, उप मंत्री डॉ राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉक्टर राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट, राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नगीना के रायपुर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

✷ एनसीआर टुडे. रायपुर ✷

लखनऊ मे हुए एबीवीपी के कार्यकर्ताओ के साथ पुलिस प्रशासन के द्वारा दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज को लेकर एबीवीपी रायपुर इकाई के कार्यकर्ताओ ने लखनऊ पुलिस प्रशासन का विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहां जब विद्यार्थी केवल अपने अधिकारों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सच बोल रहे थे, तब उन्हें हिंसा और दमन से रोकना साबित करता है कि प्रशासन डर चुका है। शिक्षा बेचने वालों और छात्रों पर डंडा चलाने वालों, सुन लो - छात्र शक्ति की आवाज़ जितनी दबाओगे, उतनी ही बुलंद होकर गूँजेगी।

अब या तो भ्रष्टाचार रुकेगा, या फिर यह आंदोलन और बड़ा होगा। श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में छात्रों से की जा रही अवैध वसूली और शैक्षिक भ्रष्टाचार के खिलाफ जब लखनऊ महानगर ए बी वी पी कार्यकर्ता द्वारा शांति एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठा रहे थे,तभी उन पर वि. वि. द्वारा बुलाए गए गुंडों व पुलिस द्वारा लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या है।

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

✷एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

महिला ने एक सैलून संचालक पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की एक सोसाइटी में महिला अपने दो बच्चों के साथ रहती है। महिला के पति बाहर नौकरी करते हैं। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों पहले सोसाइटी में गौरव नाम का युवक दूध की आपूर्ति करता है। वह गुलिश्तानपुर गांव में सैलून भी चलता है। आरोप है कि दूध देने के बहाने आरोपी एक दिन अंदर घर में घुस आया और घर में सो रहे उनके बेटे की गर्दन पर चाकू रखकर महिला का अश्लील वीडियो बना लिया।

महिला से वीडियो में बुलवाया कि यह बात वह अपने पति या किसी अन्य को नहीं बताएगी। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। साथ ही अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर धमकी देकर चला गया। वीडियो उसके पति के फोन पर भेजकर सोशल मीडिया पर भी उसे वायरल कर दिया।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप गिरफ्तार

**एनसीआर टुडे. चांदपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र में बस चालक के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाबरपुर निवासी कमरुद्दीन पुत्र सरफराज ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की।

आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 479/2025 के तहत धारा 115 (2)/352/351(2) बीएनएस में मामला दर्ज किया।

## यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा, डीएम ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

यमुना नदी में जलश्तर लगातार बढ़ने की आशंका के बीच गौतमबुद्ध नगर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सेक्टर-150 स्थित इलाकों का दौरा किया और वहां मौजूद प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सभी नागरिकों और पालतू पशुओं को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को प्रशासन के शरणालयों में व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाए, वहीं पशुओं के लिए सुरक्षित ग्रीन बेल्ट क्षेत्रों में ठहरने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही उनके लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और सूखे स्थान का इंतजाम भी सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राहत शिविरों में सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इनमें स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त भोजन, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर श्तर पर सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि तकरीबन 40 प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही कई पालतू और दुधारू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावित नागरिकों को हर जरूरी सुविधा मुहैया कराई जा रही है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान सीओ नोएडा, तहसीलदार सदर और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि बाढ़ की आशंका से प्रभावित होने वाले सभी क्षेत्रों में पहले से ही सुरक्षा और बचाव के इंतजाम पुख्ता कर लिए जाएं, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# दो जगहों पर मुठभेड़ के बाद 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार

✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

उत्तर प्रदेश की नोएडा पुलिस ने लूटपाट और चोरी करने वाले चार बदमाशों को दो स्थानों पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इनमें से एक जगह एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली भी लगी है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शैव्या गोयल ने बताया कि ईकोटेक-तृतीय थाना क्षेत्र में पुलिस बीती रात चेकिंग कर रही थी, तभी एक व्यक्ति लखनावली गांव के पास ठेली पर सामान लेकर आता दिखाई दिया। गोयल के अनुसार, ''पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। जब पुलिस ने पीछा करके उसे घेर लिया तो उसने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।''




उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो उस व्यक्ति के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान बिजनौर जिले के मोहम्मद हुसैन के पुत्र इमरान के रूप में हुई है और उसके पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस, चोरी किए हुए अल्मुनियम के छोटे-बड़े फ्रेम, घटना में प्रयुक्त रेहड़ा (रिक्शा) बरामद किया है। गोयल ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि उक्त बदमाश ने अपने दो साथियों-पुष्पेंद्र और कन्हैया के साथ मिलकर हबीबपुर गांव स्थित एक प्राइवेट कंपनी के गोदाम से लाखों रुपये कीमत का अल्युमिनियम का सामान चोरी किया था। उन्होंने बताया कि इमरान के अन्य साथियों की तलाश पुलिस कर रही है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 'फेस-तीन' थाने की पुलिस को बीती रात गश्त के दौरान बाइक पर सवार होकर कुछ संदिग्ध लोग आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे, लेकिन पीछा करके उन्हें घेर लिया गया।

मीडिया प्रभारी के अनुसार, अपने आपको पुलिस से घिरा हुआ देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने साहस का परिचय देते हुए तीन बदमाशों-आदित्य, सागर और मोहित को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे हुए 10 मोबाइल, दो चाकू, एक देसी तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये बदमाश चोरी के वाहन पर सवार होकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते हैं।

इन बदमाशों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लूटपाट और चोरी की दर्जनों वारदात करने की बात स्वीकार की है।

## रेलवे स्टेशन नजीबाबाद की ओर से जाने वाली दो ट्रेनों के रुट बदले गए

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

पहाड़ी एवं मैदानी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ट्रेनों पर भी असर दिखाई पड़ने लगा है।

दिल्ली मंडल में पुरानी दिल्ली यमुना ब्रिज संख्या 249 पर अत्यधिक पानी आ जाने के कारण मुरादाबाद मंडल में संचालित और नजीबाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के रुट में एक दिन (03-09-2025) का परिवर्तन किया गया है जिसमें सिद्ध बली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन (12037) को साहिबाबाद, नई दिल्ली से होते हुए पुरानी दिल्ली पहुंचेगी और मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन (14041) पुरानी दिल्ली, नई दिल्ली, साहिबाबाद होते हुए नजीबाबाद पहुंचेगी।

## हरपाल सिंह बने राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिला अध्यक्ष

✷ एनसीआर टुडे. बढ़ापुर ✷

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामाबाद निवासी हरपाल सिंह को राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का जिलाध्यक्ष चुना जाने पर प्रजापति समाज में हर्ष की लहर है।

बताया जाता है कि राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की एक बैठक का आयोजन राधे कृष्ण फार्म हाउस हल्दौर में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के चुनाव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के गांव इस्लामाबाद निवासी हरपाल सिंह राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का जिला अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया इसके अतिरिक्त नानक चंद को संरक्षक चुना गया प्रजापति महासंघ के चुनाव की प्रक्रिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राष्ट्रीय ने जिला बिजनौर के समश्त प्रजापति समाज के व्यक्तियों द्वारा वोट डाल कर आरंभ कराई। जिसमें विपिन कुमार प्रजापति सबसे अधिक वोट मिलने पर विपिन कुमार प्रजापति को राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का युवा जिला अध्यक्ष जिला बिजनौर नियुक्त किया गया। साथ ही युवा जिला कमेटी का गठन भी किया गया। जिला युवा कमेटी के गठन में शिवकुमार को महासचिव सुभाष प्रजापति को उपाध्यक्ष, लोकेश कुमार प्रजापति को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं गौतम कुमार प्रजापति को सचिव बनाया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विपिन प्रजापति को प्रजापति का फूलों की मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विपिन कुमार प्रजापति ने कहा समाज के अंदर प्रेम भाव को बढ़ावा देना एवं समाज के लिए दिन-रात खड़े रहकर समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके दुख सुख में हमेशा साथ रहना।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | NIT-48 | कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र DSA-SMQL-TPZ में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन एलएचएस (5.0 X 5.0) मीटर के निर्माण द्वारा किमी 21/7–8 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 18 का उन्मूलन का प्रावधान । कार्य की अनुमानित लागत (रूपये): 52335799.62 बयाना राशि (रूपये): 411700.00 |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.09.2025 15:00 Hrs |
| 3. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/e-Tender Notice/NIT-48-25-26-W-II दिनांक: 02.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2673/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन के 03 रेल क्रेनों की मरम्मत/रखरखाव के लिए 2 वर्ष का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 73,69,847.65/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 1,47,400/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 09.09.2025 (10:30 बजे) से 23.09.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 23.09.2025(15:00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 17–क.वि.- नई दिल्ली – 2025–26 दिनांकः 28.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2651/25

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा से भारत को क्या हासिल हुआ?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया चीन यात्रा को केवल औपचारिक शिखर सम्मेलन में उपस्थिति मान लेना भूल होगी। यह यात्रा उस समय हुई है जब भारत-चीन के बीच सीमा पर भरोसे का संकट गहरा है, भारत-अमेरिका संबंध का एक नया पन्ना सामने है और रूस के साथ भारत का ऊर्जा तथा रक्षा सहयोग अभूतपूर्व स्तर तक पहुँचा है। ऐसे परिदृश्य में बीजिंग की धरती पर भारतीय प्रधानमंत्री का उतरना एशियाई राजनीति के बदलते समीकरणों की झलक देता है। यह यात्रा भारत की विदेश नीति में आत्मविश्वास और संतुलन दोनों का प्रमाण है।

व्यापारिक आँकड़े साफ कहते हैं कि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन यह रिश्ता बेहद असंतुलित है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और चीन का द्विपक्षीय व्यापार 127.7 अरब डॉलर तक पहुँचा। इसमें भारत का निर्यात केवल 14.25 अरब डॉलर का रहा, जबकि चीन से आयात 113.45 अरब डॉलर पर पहुँच गया। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा 99 अरब डॉलर से अधिक का रहा, जो अब तक का सबसे ऊँचा स्तर है। यह स्थिति भारत की औद्योगिक निर्भरता को उजागर करती है, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, फार्मा और ऊर्जा उपकरणों के क्षेत्र में। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का एक बड़ा उद्देश्य इसी असंतुलन को कम करना भी दिखा है।

इस तुलना में रूस के साथ भारत का व्यापारिक समीकरण अपेक्षाकृत संतुलित और अवसरों से भरा हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस व्यापार 68.7 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्शा रहा है। इसका मुख्य कारण रूस से बड़े पैमाने पर सस्ते कच्चे तेल का आयात है। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सहयोग भारत के लिए अनिवार्य हो गया है। साथ ही, रूस भारत का पारंपरिक रक्षा सहयोगी है और अंतरिक्ष विज्ञान में भी दोनों देशों की साझेदारी मजबूत है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने रिश्ते को बरकरार रखा है। मोदी की चीन यात्रा से यह संदेश भी गया कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर अडिग है और किसी एक ध्रुव पर झुकने को तैयार नहीं, फिर अमेरिका उस पर कितने ही दबाव बनाने का प्रयास करे।

हालांकि ऐसा नहीं है कि जो अमेरिका भारत पर लगातार आर्थिक दबाव बनाने की कोशिशें कर रहा है, उसके साथ भारत के व्यापारिक संबंध कमजोर पड़े हैं, देखा जाए तो लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत–अमेरिका का व्यापार 131.8 अरब डॉलर पर रहा। यह आँकड़ा न केवल चीन से अधिक है बल्कि यह भी दिखाता है कि तकनीकी, सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में अमेरिका भारत के लिए सबसे भरोसेमंद बाजार है। संभावित मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग इस रिश्ते को और गहरा करने वाले हैं। इस पृष्ठभूमि में मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिका भी बारीकी से देख रहा है, उसका अध्ययन कर रहा है, तुलनात्मक के रूप से अपने नफा-नुकसान का आकलन कर रहा है। पर यहां जो स्पष्ट संकेत विदेश नीति के स्तर पर दिया गया है वह यही है कि भारत, चीन और रूस के साथ संवाद कायम रखते हुए भी अमेरिका और यूरोप से दूरी नहीं बना रहा।

बीजिंग यात्रा का कूटनीतिक संदेश यही है कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में "संतुलनकारी" की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत में यह सहमति बनी कि सीमा विवाद को रिश्तों की प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब यह भले ही एक सामान्य-सा बयान लगे, किंतु इस सच को नकारा नहीं जा सकता है कि गलवान संघर्ष और लद्दाख में जारी तनातनी के बाद यह पहला अवसर रहा, जब शीर्ष नेतृत्व ने इतने स्पष्ट शब्दों में संवाद को प्राथमिकता दी। यात्राओं की बहाली, उड़ानों और वीजा में रियायतें तथा निवेश सहयोग पर चर्चा ऐसे संकेत हैं जो रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाने का प्रयास करते हैं।

फिर भी इस यात्रा की सीमाएँ भी हैं। विपक्ष का उठाया गया सवाल मायने रखता है कि व्यापार घाटे का बोझ घटाने की ठोस योजना सामने आए बिना बीजिंग से लौटे वादे केवल प्रतीकात्मक रह सकते हैं। चीन–पाकिस्तान गठजोड़, बेल्ट एंड रोड परियोजना पर मतभेद और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की भू-राजनीति ऐसी चुनौतियाँ हैं जिन्हें केवल संवाद से नहीं सुलझाया जा सकता। भारत को आने वाले वर्षों में तीन मोर्चों पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है; पहला, चीन पर अपनी औद्योगिक निर्भरता को घटाना; दूसरा, रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग को दीर्घकालिक ढाँचे में ढालना और तीसरा, अमेरिका व यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाना, ताकि निर्यात के लिए नए अवसर मिल सकें।

मोदी की चीन यात्रा से सबसे बड़ा संदेश यही गया कि भारत अब प्रतिक्रियाशील शक्ति नहीं रहा। वह वैश्विक राजनीति और व्यापार में सक्रिय और आत्मविश्वासी ध्रुव के रूप में उभर रहा है। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत की विदेश नीति अब केवल किसी एक गुट पर निर्भर नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में संतुलन साधने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उसके लिए अपने नागरिकों के हित सर्वोपरि हैं। देश की सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और ये शक्तिक शाली भारत न रुकेगा न किसी अन्य देश के सामने झुकेगा।

फिलहाल इस यात्रा के ठोस नतीजे सामने आने में हमें इंतजार करना होगा, क्योंकि समय लगेगा लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व कम नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि उस राष्ट्र की बन रही है जो अपने हितों को साधते हुए संवाद और सहयोग की राह खुली रखता है। एशिया की राजनीति में यही संतुलनकारी भूमिका भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर आज उभर रही है।

# टैरिफ संकट : करने होंगे तात्कालिक उपाय

**विकेश कुमार बडोला**

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गए हैं।

एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी।

उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है।

इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रशतावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किए बिना ही सहमति के साथ हश्ताक्षर कर दे।

भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वश्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हश्तशिल्प, खाद्य पदार्थ इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वश्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा।

जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुएं निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापारनीति पर कार्य कर रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुएं भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवद्र्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नए विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे।

अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक वक्तव्य भी प्रश्तुत किए जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल



द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है।

इसके लिए भारतीय बाजारों को वश्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही साथ बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाए रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्टअप से जोडक़र परिणामोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वश्तुओं, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पद्र्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पद्र्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वश्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा। इस हेतु वश्तु व सामग्री की गुणवत्ता, आकर्षण एवं मांग होने पर त्वरित आपूर्ति की व्यवसाय-संस्कृति विकसित करनी होगी। अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा।

इन देशों में चीन, यूएई, जर्मनी, हांगकांग, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नाइजीरिया, बेल्जियम, जापान, इराक, ईरान, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका सम्मिलित हैं। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीददार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है।

विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिश्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि।

इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायनमिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं।

वे किसी भांति, कहीं से भी प्राकृतिक खाद्यान्न चाहते हैं। अतः इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है।

इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधारशतंभ बनाया जा सकता है। विश्व में प्राकृतिक आपदाओं की पुनरावृत्ति से स्वयं भारत भी बुरी तरह पीड़ित है।

ग्रीष्म, शीत एवं वर्षाकालीन प्राकृतिक आपदाओं एवं जलवायु असंतुलन के निवारक उपायों के लिए भारत को अपने अंतरिक्ष विज्ञान में भी नवोन्नति करती रहनी होगी। मेक इन इंडिया तथा स्टार्टअप योजनाओं को इस हेतु भी समर्पित करना होगा।

परिणाम में प्राकृतिक आपदाओं के निरोधन हेतु जो रक्षा-सुरक्षा उपाय भारत द्वारा खोजे जाएंगे अथवा जो निरोधक यंत्र, मशीनें, उपकरण एवं प्रौद्योगिकी विकसित होगी, निश्चित रूप में उनकी मांग विदेशों में ही अधिक होगी।

**(स्वतंत्र लेखक)**

# राहुल गांधी की स्वीकार्यता का प्रमाण वोटर अधिकार यात्रा

**कुमार कृष्णन**

लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में जुटी भीड़ उनकी स्वीकार्यता का प्रमाण है। यह स्वीकार्यता वोट में किस हद तक तब्दील होगा, यह तो आने वाला समय बताएगा। 17 अगश्त को सासाराम से शुरु हुई वोटर अधिकार यात्रा का समापन कार्यक्रम 1 सितंबर को पटना में हो गया। यह 16 दिनों की यात्रा राज्य के 25 जिलों और 110 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी।

करीब 1300 किलोमीटर की इस यात्रा का उद्देश्य कथित तौर पर लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के खिलाफ आवाज उठाना था। राहुल गांधी ने इसे नैतिक लड़ाई बताया। यात्रा के दौरान विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाई। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सासाराम से शुरू हुई थी और पटना में समाप्त हुई। इस यात्रा का मकसद उन लाखों मतदाताओं के लिए आवाज उठाना था, जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग की मसौदा मतदाता सूची में राज्य के 65.5 लाख वोटरों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। विपक्ष ने इस यात्रा को सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक नैतिक लड़ाई के तौर पर पेश किया। राहुल गांधी ने कहा कि वे उन लाखों लोगों के मताधिकार की रक्षा करना चाहते हैं, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। यात्रा में संवैधानिक की रक्षा की दुहाई दी गई और विपक्ष की एकता का प्रदर्शन किया गया। इस यात्रा के दौरान वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए गए।

पटना की रैली में शामिल हुए मुंगेर से शामिल हुए राकेश कुमार मंडल और संजय पोद्दार बताते हैं कि इस समापन से एक नयी शुरुआत देश भर में हो चुकी है जिसमें अपने मताधिकार की रक्षा के लिए जनता स्वतःस्फूर्त खड़ी होती दिख रही है। पटना में समापन के मौके पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट में फर्जी मतदाताओं की पड़ताल के प्रकरण को दोहराते हुए कहा कि तब तो केवल एटम बम फटा था, लेकिन उससे भी ताकतवर होता है हाइड्रोजन बम, जो अब फूटने जा रहा है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टीऔर चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का मुद्दा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी यात्रा का मुख्य संदेश-एक व्यक्ति, एक वोट है। उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर 65 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हटाए गए मतदाताओं में दलित, ओबीसी, मुस्लिम और गरीब वर्ग के लोग शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा, यह सिर्फ बिहार के बारे में नहीं है, यह भारत के लोकतंत्र के बारे में है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा संविधान की रक्षा के लिए थी।

निश्चित ही कांग्रेस पार्टी ने कई ऐसे और सबूत अब तक एकत्र कर लिए होंगे, जिनके सामने आने से बड़ा धमाका होने वाला है। दो दिन पहले गुजरात में कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने लोकसभा सीट नवसारी और विधानसभा सीट चोरयासी पर जांच का दावा किया है। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में करीब 30 हज़ार फर्जी हैं। जब दो सीटों पर इतनी बड़ी संख्या में फर्जी वोटर हैं, तब इस फर्जीवाड़े का दायरा और कितना बड़ा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव इसके अलावा लोकसभा चुनावों में भी मतदाता सूची में हेरफेर के इल्जाम श्री गांधी लगा चुके हैं, तो मुमकिन हैं अबकी बार इन्हीं से किसी चुनाव की गड़बड़ी फिर से सामने लायी जायेगी।

पटना में राहुल-तेजस्वी द्वय के साथ जेएमएम से हेमंत सोरेन, शिवसेना से संजय राउत, एनसीपी से जितेंद्र आव्हाड़, टीएमसी से युसूफ पठान, माकपा से एम ए बेबी, भाकपा से डी राजा और एनी राजा सभी समापन के मौके पर शामिल हुए। इससे पहले एम के स्टालिन, कनिमोझी, अखिलेश यादव, पप्पू यादव तो यात्रा में साथ चले भी हैं।

इस मौके पर झारखंड के मुख्य मंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वोट चोरी पहले से चल रही थी, पकड़ में अब आई है। इसके संकेत साफ़ हैं कि वोट चोरी या एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से नाम काटने का मुद्दा केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का मुद्दा बन चुका है और समूचा विपक्ष इसमें एक साथ भाजपा के खिलाफ खड़ा है। पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर धांधली के एक जैसे इल्जाम लगा रहा है। अभी आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई, लेकिन वोट चोरी की शिकायत वह भी करती है और जब संसद से चुनाव आयोग तक विपक्ष का पैदल मार्च हुआ था, तब आप के सांसद संजय सिंह भी शामिल हुए थे। भाजपा, और ख़ास तौर से मोदी सरकार के लिये ये अच्छे संकेत नहीं हैं कि विपक्ष पहले से ज्यादा ताकतवर और एकजुट दिखाई दे रहा है। वैसे तो पूरी यात्रा के दौरान भारी हुजूम उमड़ा रहा, लेकिन समापन के मौके पर न केवल बिहार बल्कि देश के अलग-अलग जगहों से लोग अपने आप पहुंचे थे।

गांधी मैदान से अंबेडकर प्रतिमा तक विपक्ष के काफ़िले को आगे बढ़ने में घंटों लगे क्योंकि तिल रखने की जगह भी नहीं थी। तिरंगे, हरे, लाल, नीले रंग के झंडों से पटना अटा पड़ा था और वहीं बहुत से लोगों ने काले कपड़ों में भी अपनी मौजदूगी दर्ज कराई। लेकिन उनका भी राहुल-तेजस्वी से बैर नहीं था, और न ही नरेन्द्र मोदी की तरह किसी को काले कपड़ों में आने से रोका गया। बल्कि 30 अगश्त को यात्रा के आखिरी दिन भोजपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के 4 कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए थे, तो उन्होंने उनमें से एक को पास बुलाकर उनकी बात सुनी और हक़ीक़त बताई।

हालांकि भाजपा अब इसे ही मुद्दा बनाने की कोशिश में है। राहुल की सभा में बिजली काटना, आवागमन अवरुद्ध करवाना, ये सारे दांव भी भीड़ को रोक नहीं पाए, तो श्री मोदी की दिवंगत मां का मुद्दा खड़ा हो गया। पटना में सदाकत आश्रम पर लाठी डंडों के साथ हमले के बाद सोमवार को भी लखीमपुर खीरी में कांग्रेस मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़-फोड़ मचाई और यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। इधर राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान के फौरन बाद भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें रविशंकर प्रसाद ने उन्हें विपक्ष के नेता की गरिमा का वाश्ता दिया।

राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाए कि दुनिया में आज तक हाइड्रोजन बम नहीं फूटा, राहुल गांधी इसे फोड़ने की बात कह रहे हैं। जिस हड़बड़ी में भाजपा ने ये प्रेस कांफ्रेंस की और ऐसा लगा कि बिना तैयारी के ही पूर्व कानून मंत्री पत्रकारों को संबोधित करने बैठे थे, उससे ज़ाहिर हो रहा है कि बिहार का माहौल अब भाजपा को डराने लगा है।

वैसे भी चुनाव आयोग पर अब और नए आरोप सामने आए हैं। पवन खेड़ा ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की 89 लाख शिकायतें चुनाव आयोग को दी गई हैं। क्योंकि इससे पहले चुनाव आयोग ने अदालत में कहा था कि उसके पास शिकायतें नहीं आई हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि चुनाव अधिकारी बूथ एजेंटों से शिकायतें नहीं लेते और व्यक्तिगत शिकायत जमा करने कहते हैं, जो कि संभव नहीं है, क्योंकि लाखों लोग, जिनके नाम वोटर लिस्ट से कट चुके हैं वे चुनाव अधिकारी तक नहीं पहुंच सकते हैं। कांग्रेस ने कहा है कि बूथ एजेंटों ने सभी के आवेदन इकट्ठा कर, जिला अध्यक्षों के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को जमा करवाये हैं।

इस खुलासे से ज़ाहिर है कि चुनाव आयोग तक शिकायत पहुंचाने की कोशिश राजनैतिक दल कर रहे हैं। इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति परकला प्रभाकर ने चुनाव आयोग से सवाल किए हैं। क्योंकि पत्रकार श्रीनिवासन रमानी की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार में एसआईआर के तहत तो 65 लाख वोट विभिन्न इलाकों से काटे गए हैं, उनके विश्लेषण पर गंभीर सवाल उठते हैं। जैसे 80 इलाकों में युवा मतदाताओं के मृत्यु के आंकड़े आश्चर्यजनक रूप से सामने आए हैं। 127 इलाकों में वोटर लिस्ट में नाम काटने में लिंगभेद देखा गया है, 1985 इलाके ऐसे हैं, जहां अतार्किक तौर पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। 937 इलाके तो ऐसे हैं, जहां सारे मतदाताओं को मृत बताया गया है, 5084 इलाकों में बड़ी संख्या में अनुपस्थित मतदाता दिखाये गये हैं। ऐसी ही कई और अनियमितताओं का खुलासा रिपोर्ट में किया गया है, जिसकी गहन जांच की ज़रूरत बताई गई है।

इन ख़बरों से ज़ाहिर है कि वोट चोरी का मुद्दा अकेले राहुल गांधी नहीं उठा रहे हैं, उनके साथ कई लोग चुनाव आयोग से जवाबदेही की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा किस-किस को जवाब देगी? बिहार में पिछले करीब चार दशकों में कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई है। लेकिन इस यात्रा ने राहुल गांधी को विपक्ष के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित किया। यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी उत्साहित किया है। इससे पार्टी को बिहार विधानसभा चुनावों से पहले अपने संगठन को मजबूत करने का मौका मिला। चंद्रशेखर यादव उर्फ पप्पू यादव के अनुसार कांग्रेस को मजबूती मिली है इस यात्रा से। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी सफेद टी-शर्ट के ऊपर गमछा डाले हुए थे। वे खुली जीप पर सवार होकर गांवों में लोगों से बात करते हुए दिखाई दिए। पार्टी ने इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया। उन्हें एक जमीनी और लोगों तक पहुंचने वाले नेता के तौर पर पेश किया गया। राहुल गांधी मखाने के खेतों में भी गए। उन्होंने देखा कि यह सुपरफूड कैसे उगाया जाता है। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत बहुजन लोग कड़ी मेहनत करते हैं, जबकि इसका फायदा सिर्फ एक प्रतिशत बिचौलियों को मिलता है। उन्होंने इस अन्याय के खिलाफ लड़ने का वादा किया।

राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि वे सरकार के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर लोग एकजुट होंगे तो वे सरकार को बदल सकते हैं। राहुल गांधी की बातों का लोगों पर काफी असर हुआ। यात्रा के दौरान कई लोगों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बताईं। लोगों ने उन्हें बताया कि वे सरकार से कितने परेशान हैं। राहुल गांधी ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह लोगों के साथ हैं और वह उनके लिए लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी की यह यात्रा बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।

बिहार में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर माह में होने की संभावना है। इस चुनाव से पहले बिहार का सियासी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज होते जा रहे हैं। बिहार का विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि इसके नतीजे सत्ता पक्ष और विपक्ष के भविष्य के बारे में संकेत दे सकते हैं। इस चुनाव के करीब छह माह बाद मई 2026 में चार राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें से तीन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं।

# तो क्या यही 'ज्ञान' हमें विश्व गुरु बनायेंगे?

**निर्मल रानी**

हमारा देश भारतवर्ष कभी न कभी ज़रूर विश्व गुरु रहा होगा। इसके लक्षण तो आप आज भी देख सकते हैं। जगह जगह लोग आपको सलाह देने वाले, घरेलु नुस्ख़ा या टोटका बताने वाले मिल जायेंगे। जो स्वयं अपने ही भविष्य के बारे में अनजान हैं ऐसे तमाम लोग फ़ुट पाथ से लेकर बड़े बड़े आधुनिक कार्यालयों तक में बैठे भविष्य वक्ता आपको पूरे देश में बैठे मिल जायेंगे।

भारत चूँकि अपना भविष्य जानने वाले जिज्ञासुओं का एक बड़ा बाज़ार है। इसलिये तमाम बाबाओं व ज्योतिषियों की 'दुकानदारी' इसी पर चल रही है। हमारे देश का एक काफ़ी बड़ा वर्ग इन अवैज्ञानिक व ग़ैर तार्किक बातों पर विश्वास भी करता है। आप देखिये कि भारत ही अकेला ऐसा देश है जहाँ करोड़ों रूपये कोठी निर्माण पर ख़र्च करने के बाद कोठी के मश्तक पर नज़रबट्टू 'भूत' लगाना नहीं भूलते, कहीं जूता या काला टायर भी लटका मिल जायेगा। यह हमारे देश के शिक्षित व संपन्न लोगों का हाल है तो ग़रीबों या अशिक्षित लोगों की बौद्धिकता पर सवाल ही क्या उठाना? बहरहाल, चूँकि हमारे देश के अधिकांश जनता अशिक्षित परन्तु धार्मिक प्रवृति की है इसलिये स्वयं को पढ़े लिखा कहने वाले कुछ चतुर्बुद्धि लोग उनकी सादगी, शराफ़त, भोलेपन, धार्मिक आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर तरह तरह की धार्मिक व पौराणिक बातें बताकर उन्हें यह जताने की कोशिश करते हैं की हम चूँकि समान आस्था विश्वास व विचार वाले हैं इसलिये हम ही तुम्हारे शुभचिंतक हैं। लिहाज़ा हमें वोट दो और हमें सत्ता में बने रहने दो।

परन्तु वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले लोग जब इन्हें व इनके तर्कों को ख़ारिज करते हैं तो यह लोग बड़ी चतुराई व शातिरपने से सही बातों को झुठलाने के लिये इस पढ़े लिखे व तर्कशील वर्ग को अधार्मिक, धर्मद्रोही और ज़रूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोही भी बता देता है। गोया सच को झूठ और झूठ को सच बताने लगता है। और इससे बड़ा दुर्भाग्य यह कि लालची प्रोपेगंडा गोदी मीडिया भी इस घातक मिशन में ऐसे लोगों का साथ देता है।

उदाहरण के तौर पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म में समान रूप से माने जाने वाले पैग़ंबर हज़रत मूसा के बारे में एक क़िस्सा प्रचलित है कि उन्होंने अल्लाह के हुक्म से चमत्कारिक रूप से लाल सागर को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था। बताया जाता है कि जब फ़िरऔन की सेना ने मूसा और उनके अनुयायियों को मारने के लिये उनका पीछा किया, तो मूसा ने अपने असा (एक प्रकार की छड़ी) को समुद्र पर मारा।

उसी समय अल्लाह ने समुद्र को दो भागों में बाँट दिया, जिससे मूसा व उनके समर्थक समुद्र पर कर गये परन्तु जब समुद्र के बीच बने इसी रश्ते से फ़िरऔन की सेना ने उनका पीछा किया, तो समुद्र फिर से मिल गया, और फ़िरऔन की सेना डूब गयी। इस घटना का उल्लेखन केवल क़ुरान नहीं बल्कि बाइबिल में भी मौजूद है। परन्तु क्या इस बात पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म के लोगों के अलावा किसी अन्य धर्म से सम्बन्ध रखने वाले तार्किक व वैज्ञानिक सोच के लोग विश्वास करेंगे? बिल्कुल नहीं क्योंकि उसके संस्कारों शिक्षा और उसके विश्वास या मान्यताओं में यह बातें हैं ही नहीं। इस्लाम धर्म की ही एक क़िस्सा है जिसे पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद के जीवन का एक सर्व प्रमुख चमत्कार माना जाता है। इसे इस्लामी इतिहास में 'शक्क-ए-क़मर' यानी चाँद का दो टुकड़ों में बँटना, के नाम से जाना जाता है। मक्का की इस घटना के बारे में कहा जाता है कि जब कुरैश क़बीले के कुछ लोगों ने पैग़ंबर हजरत मुहम्मद की सिद्धि को परखने के लिये उनसे इस बड़े चमत्कार की माँग की। तब पैगंबर मुहम्मद ने अल्लाह की इजाज़त से चाँद को दो हिस्सों में बाँट दिया। कुछ देर तक अलग-अलग रहने के बाद चाँद फिर एक हो गया। इस 'चमत्कार' का उल्लेख क़ुरआन में भी है। परन्तु इतिहास के दौर में घटी इस घटना और इसकी व्याख्या पर भी विद्वानों और इतिहासकारों में मतभेद हैं। कुछ की नज़रों में यह चमत्कार है जबकि कुछ की नज़रों में यह प्रतीकात्मक या आध्यात्मिक अर्थ की घटना।

इसी तरह पृथ्वी शेषनाग के फन पर टिकी है, हनुमान जी सूर्य निगल गये थे, चाहे समुद्र में वानरों द्वारा पत्थर फ़ेंक फ़ेंक कर लंका जाने का पुल तैयार कर देना हो, या फिर भगवान भोले शंकर द्वारा अपने ही पुत्र का सिर तन से जुदा कर उस पर हाथी का सर लगाने की बात हो, गणेश जी की सवारी चूहा हो या मछली के पेट से पैदा होने या घड़े से पैदा होने, मैल से पैदा होने की घटना या संजीवनी के लिये हनुमान जी द्वारा पूरा पर्वत उठा लाना, पुष्पक विमान होना और न जाने इस तरह की अनगिनत बातें जो हमें हमारे प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ या धार्मिक पुश्तकें हमें बताती आई हैं उन पर हम आस्था वश या बचपन से मिले संस्कारों व धार्मिक ज्ञानों के नाते विश्वास तो ज़रूर कर करते हैं परन्तु यह बातें विज्ञान की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक युग में क़तई खरी नहीं उतरतीं। इसलिये हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के समय यह कहते हैं कि भगवान गणेश का हाथी का सिर मनुष्य के शरीर पर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी के अश्तित्व का प्रमाण है। जब वे कहते हैं कि 'हम भगवान गणेश की पूजा करते हैं, जिनका सिर हाथी का है। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वजों को प्लास्टिक सर्जरी का ज्ञान था।"

प्रधानमंत्री का यह कथन निश्चित रूप से पौराणिक कथाओं पर आधारित है, परन्तु न तो इस घटना के ऐतिहासिक प्रमाण हैं न ही पुरातात्विक प्रमाण। वैज्ञानिक रूप से असमर्थित दावा होने की वजह से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान की उस समय बहुत आलोचना हुई थी। क्योंकि उनका यह बयान आधुनिक विज्ञान को मिथकों से जोड़कर अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला माना गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने ही उन्हीं दिनों कहा था कि 'महाभारत में कर्ण अपनी मां के गर्भ से बाहर पैदा हुआ था, इसका मतलब है कि उस समय जेनेटिक साइंस मौजूद था।" वैज्ञानिक समुदाय ने इसे अस्वीकार किया, क्योंकि यह भी पौराणिक कहानी पर आधारित है और आधुनिक जेनेटिक्स से इसका कोई संबंध नहीं है। मोदी वैसे भी नाली के गैस से चाय बनाना बादलों में रडार का काम न करना जैसे न जाने कितने हास्यास्पद दावे करते रहे हैं जो हमारे देश के शिक्षार्थियों व वैज्ञानिक सोच रखने वालों के लिये ख़तरनाक हैं।

दुनिया भी ऐसी बातों का मज़ाक़ उड़ाती है। इसी तरह गत दिनों केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के ऊना ज़िले के पीएम श्री स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों से पूछा, 'अंतरिक्ष में यात्रा करने वाला पहला यात्री कौन था?' उस समय अधिकांश छात्रों ने 'नील आर्मस्ट्रॉन्ग' का नाम लिया जो अंतरिक्ष में नहीं बल्कि चंद्रमा पर पहला क़दम रखने वाले पहले यात्री थे।

हालांकि कुछ छात्रों ने रूस के यूरी गागरिन का नाम भी लिया जो अंतरिक्ष में पहले मानव यात्री थे। परन्तु अनुराग ठाकुर ने बच्चों का जवाब सुनकर कहा 'मुझे तो लगता है हनुमान जी थे।" साथ ही उन्होंने यह ज्ञान भी दिया कि छात्रों को टेक्स्टबुक से बाहर निकलकर अपनी प्राचीन परंपरा, वेदों और संस्कृति की ओर देखना चाहिए, क्योंकि 'जब तक हमें अपनी हज़ारों वर्ष पुरानी परंपरा, व संस्कृति का ज्ञान नहीं होगा, तब तक अंग्रेज़ों ने जो हमें दिखाया है, वहीं तक हम सीमित होकर रह जाएंगे।"

अब ज़रा बताइये देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री श्तर के लोगों के 'ज्ञान' से प्रेरित कोई बच्चा यदि नासा में या अन्य किसी वैज्ञानिक मंच पर अपने साक्षात्कार में यही सब बताने लगेगा तो क्या उसे सफलता मिलेगी? वैसी भी सीधे सादे लोगों में स्वयं को धर्म और आस्था का बहुत बड़ा पैरोकार बताकर लोगों को अज्ञान में धकेलने की कोशिश करना देश के युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा धोखा है। वास्तव में इस तरह का 'महाज्ञान' सभी धर्मों में उनके धर्मगुरुओं के मुंह से तो शोभा दे सकता है राजनेताओं के मुंह से क़तई नहीं। ज़रा सोचिये कि क्या इसी तरह के 'ज्ञान' हमें विश्व गुरु बनायेंगे?

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल**: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना इगलास पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त श्रीपाल पुत्र वीरपाल निवासी महुआ थाना इगलास जिला अलीगढ को 01 चाकू के साथ अलीगढ मथुरा रोड से विचोला की तरफ जाने वाले राश्ते से गिरफ्तार किया।

तो वहीं थाना अकराबाद पुलिस टीम द्वारा दो शातिर वांरटी अभियुक्त गौरव पुत्र अजीतपाल सिंह निवासी सिकन्दरपुर थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ दहेज प्रतिषेध अधिनियम संबंधित न्याया0 सिविल जज (क0प्र0) एफटीसी कोर्ट नं0-01 अलीगढ व अभियुक्त साबिर खांन पुत्र अलीमौहम्मद निवासी ग्राम नानऊ थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ सम्बन्धित केस सं0 375715 धारा 138 एनआई एक्ट चालानी थाना अकराबाद सम्बन्धित कोर्ट जे.एम. कोर्ट नं0 -3 अलीगढ को उनके मसकन से गिरफ्तार किया।

वहीं थाना क्वार्सी पुलिस टीम द्वारा एक वाछिंत अभियुक्त आकाश पुत्र इन्द्रजीत उर्फ अतिलेश निवासी धौर्रा माफी वाईपास रोड थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ को चामुण्डा मन्दिर के पास अलीनगर रोड धौर्रामाफी के पास से गिरफ्तार किया।

## सुरक्षित कीटनाशक प्रयोग पर जागरूकता गोष्ठी हुई आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

उद्यान विभाग सभागार में बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन की ओर से कीटनाशकों का सुरक्षित व विवेकपूर्ण प्रयोग एवं गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेज विषय पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के मंडल व जिला श्तरीय अधिकारी, मंडी समिति, उद्यान विभाग, एफपीओ, वैज्ञानिकों व किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में केवीके के डॉ. अनंत कुमार ने वैकल्पिक रसायनों की जानकारी दी। ब्रज किसान एफपीओ से संतोष कुमार ने जैविक विधियों से बीज उपचार व परिपक्वता की प्रक्रिया बताई। कोमलिका एफपीओ आर.पी. पचौरी ने रसायन-मुक्त उत्पादों के निर्यात पर विचार साझा किए।

एपीडा वैज्ञानिक नेत्रपाल शर्मा ने बासमती धान की उन्नत प्रजातियों, रोग-कीट नियंत्रण के जैविक उपायों व निर्यात संभावनाओं पर विश्तार से जानकारी दी। संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों को जैविक व सुरक्षित पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## दहेज के लिए महिला को छत से धक्का दिया

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

इगलास तहसील के दमकौली गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक महिला को ससुराल वालों ने छत से धक्का दे दिया। पीड़िता की हालत गंभीर है और उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़िता अर्चना की शादी छह साल पहले सोनू से हुई थी। शादी में दस लाख रुपए खर्च किए गए। इसके बावजूद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। वे पांच लाख रुपए नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करते थे।

पीड़िता के भाई अंकित कुमार ने बताया कि ससुराल वाले उनकी बहन का शारीरिक और मानसिक शोषण करते थे। जेठ प्रमोद कुमार की नीयत भी गलत थी। जब अर्चना ने इसकी शिकायत सास से की, तो पति सोनू और अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। ससुराल वालों ने अर्चना को धमकी दी कि अगर उसने यह बात अपने मायके वालों को बताई तो उसे और उसके दोनों बच्चों को जान से मार देंगे।

आरोपियों ने अर्चना को छत से कूदने के लिए उकसाया और धक्का दे दिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट भी की। अर्चना के दो बच्चे हैं, चार साल का कनिष्क और दो साल का अनिकेत। इंस्पेक्टर गोंडा मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों में पति सोनू, ससुर प्रेमपाल सिंह, सास नेहनी देवी, जेठ प्रमोद कुमार और जेठानी दुर्गेश देवी शामिल हैं।

# 24 घंटे में 50 मिमी बारिश, पुराने मकान की दीवार-गिरी



**वाराणसी , एजेंसी।** बनारस में बीते 24 घंटे में आंधी के साथ 50 मिमी से ज्यादा बारिश हो गई। सोमवा की आधी रात ढाई बजे के बाद तेज हवा चलने लगी और बादलों की गरज और बिजली की चमक ने लोगों की नींद उड़ा दी। सुबह पांच बजे तक बारिश और बादलों के गरजने का सिलसिला जारी रहा।

वहीं, सुबह सूर्योदय के बाद भी हल्की बारिश हुई, उसके बाद तीखी धूप निकल गई। लेकिन, दोपहर एक बजे तक फिर से आसमान बादलों से घिर गया और एक घंटे तक तेज बारिश होती रही। बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव की समस्या हुई।

प्रवासी टोला में पुराने मकान के पहले तल की बड़ी खिड़की और बाहरी दीवार टूटकर गली में गिर गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। छावनी के मॉल रोड पर एक विशाल पेड़ और प्रयागराज हाइवे से सीर गोवर्द्धनपुरी मार्ग पर शीशम का बड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर गया। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई।

लंका से रामनगर और लौटूबीर से बीएचयू की सड़क पर लंबा जाम लग गया। सामने घाट मुख्य मार्ग पर तिराहे से पहले स्थित बहुत पुराना पीपल का पेड़ उखड़ कर गिर गया। बारिश की वजह से बीएचयू, ट्रॉमा सेंटर, नगवां, नरिया, सुंदरपुर, लंका आदि इलाकों में सड़कों पर पानी लग गया।

बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल की इमरजेंसी के पास पानी लग गया। शहर से बाहर रोहनिया, बाबतपुर, सेवापुरी, मिर्जामुराद, राजातालाब, लोहता, पड़ाव और रामनगर आदि इलाकों में भी जोरदार बारिश हुई। बारिश से बनारस का तापमान एक ही घंटे में करीब सात डिग्री तक नीचे आ गया। दोपहर में तापमान 32 डिग्री से ऊपर चला गया था, लेकिन शाम 5 बजते ही तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री नीचे 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री कम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से बही।

## बारिश से लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था, ट्रक की ठोकर से नीचे गिर गया ट्रांसफॉर्मर, कॉलोनियों की बिजली गुल

**वाराणसी , एजेंसी।** तेज हवा के साथ मंगलवार सुबह से लेकर रात तक हुई बारिश में बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। चौकाघाट से पांडेयपुर मार्ग पर ट्रक की टक्कर से ट्रांसफॉर्मर नीचे गिर गया। इस वजह से छह कॉलोनियों की बिजली गुल हो गई। तेज हवा से पेड़ की डाली, तार टूटने, लोकल फॉल्ट से भी शहर से लेकर गांव तक बिजली कटी रही। मंगलवार भोर में तेज बारिश के बाद दोपहर में हवा से तरना उपकेंद्र के तहत एबीसी तार टूट गया। इस वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रामनगर उपकेंद्र के पास डाली गिरने से तार टूट गई। उधर, हुकुलगंज में ट्रक में सड़क किनारे लगे ट्रांसफॉर्मर का तार फंस गया। जिससे पूरा ट्रांसफॉर्मर ही सड़क पर गिर गया। सुबह 5 बजे चमरुबाबा मोहल्ला, हुकुलगंज, तुलसी निकेतन, बघवनाला व चिटफंड ऑफिस के पीछे बरफ वाली गली में बिजली कट गई। तीन घंटे बाद जब ट्रांसफॉर्मर व्यवस्थित करवाया गया तब जाकर आपूर्ति बहाल हुई। लोगों ने बताया कि जिस जगह ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया था, वो खंभा भी जर्जर हो गया था। कई बार कहने के बाद भी इसे बदला नहीं गया। सारनाथ में भी सुबह 5 से 9 बजे तक बिजली गुल रही। सिंहपुर, हसनपुर, हृदयपुर, पियरी, छांही, कल्याणपुर, पतेरवा, दामोदरपुर, साथवा, सुल्तानपुर, जयरामपुर गांवों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वसंता कॉलेज स्थित 33/11 केवीए विद्युत केंद्र से जुड़े कोनिया और आसपास के मोहल्लों में भी मंगलवार दोपहर 2 बजे तक बिजली की आवाजाही रही। सोमवार रात 3 बजे कटी बिजली मंगलवार सुबह 7.23 बजे आई, लेकिन 9.25 बजे फिर कटौती हो गई।

# अनुप्रिया पटेल ने फिर उठाई ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा 15 लाख करने की मांग, कहा-बने ओबीसी मंत्रालय



**लखनऊ , एजेंसी।** अपना दल (एस) के मासिक बैठक में पार्टी की अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक बार फिर से ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा आठ लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख करने की मांग उठाई है। साथ ही उन्होंने ओबीसी मंत्रालय के गठन पर भी जोर देते हुए कहा कि पिछड़े समाज का हित राजग सरकार में ही सुरक्षित है। उन्होंने योगी सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग भर्ती के लिए स्वतंत्र निगम का गठन करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले से पार्टी द्वारा लंबे समय से की जा रही आउटसोर्सिंग के पदों की भर्ती में आरक्षण की मांग भी पूरी होगी।

राजधानी के विश्वेश्वरैया सभागार में पार्टी की मासिक बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल जब सत्ता में रहे तो उन्होंने ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा नहीं बढ़ाई। ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा पहले भी राजग सरकार ने ही छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये की थी। अब परिस्थितयों को देखते हुए इसे और बढ़ाया जाना चाहिए।

वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए बूथ मजबूत करेगी पार्टी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी बूथ स्तर तक अपना संगठन मजबूत करेगी। पंचायत चुनाव राजग के साथ लड़ने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अभी इस पर बात नहीं हुई है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि विधानसभा प्रभारी बनाए गए पदाधिकारी अपनी-अपनी विधानसभा की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। जो कमजोरी है उसे दूर किया जाए।

**पीएम पर अभद्र टिप्पणी ओछी राजनीति :** पिछले दिनों बिहार में राजद नेताओं द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के सवाल अनुप्रिया ने कहा भारत में तो मां की पूजा होती है। राजद नेताओं की टिप्पणी निंदनीय है। पीएम की मां को अपशब्द कहकर राजद नेताओं ने सभी मातृशक्ति के अपमान का पाप किया है, जिसकी सजा विधानसभा में जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह ओछी राजनीति है और उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## होमगार्ड संगठन में प्लाटून कमांडर के 2314 पदों पर भी होगी भर्ती, 44 हजार होमगार्ड भर्ती का रास्ता खुला



**लखनऊ, एजेंसी।** राज्य सरकार होमगार्ड संगठन में प्लाटून कमांडर के 2314 पदों पर जल्द भर्ती करेगी। प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव से पहले इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बता दें कि जल्द ही 44 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती भी होनी है। साथ ही, कंपनी कमांडर और मिनिस्टीरियल स्टाफ के रिक्त पदों पर भी भर्तियां की जाएंगी। सूत्रों की मानें तो करीब 47 हजार पदों पर भर्तियां होनी हैं।

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों होमगार्ड संगठन की समीक्षा की थी। उन्होंने होमगार्ड संगठन के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरह अलग बोर्ड गठित करने के साथ भर्ती नियमावली तैयार करने का निर्देश भी दिया था। होमगार्ड संगठन में वर्तमान में कंपनी कमांडर के 783, सहायक कंपनी कमांडर के 770, प्लाटून कमांडर के 2314 और होमगार्ड स्वयंसेवकों के 43,327 पद रिक्त हैं। इसके अलावा मिनिस्टीरियल स्टाफ के भी 109 पद रिक्त चल रहे हैं। बता दें कि पहले होमगार्ड संगठन में मंडल स्तर पर भर्तियां की जाती थी, जिसे अब बोर्ड का गठन करने के बाद लिखित परीक्षा के जरिये किया जाएगा।

# पोषण योजनाओं की समीक्षा में लापरवाह अधिकारियों पर डीएम सख्त

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷




जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बाल विकास विभाग की योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं बाला पेंटिंग सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति पर विश्तृत चर्चा की गई। डीपीओ के0के0 राय ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायतों द्वारा 96 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने थे, जिनमें से 7 पूर्ण, 71 पर कार्य प्रगति पर और 25 पर कार्य आरंभ नहीं हो सका है।

ब्लॉक अकराबाद, अतरौली, इगलास, खैर, जवां, गंगीरी, चंडौस, धनीपुर व टप्पल में निर्माण कार्य शेष हैं। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रश्तावित 13 में से 12 पर कार्य जारी है, जिनमें से 6 पूर्ण हो चुके हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों द्वारा प्रश्तावित 38 में से 34 पर कार्य प्रारंभ हुआ तथा 11 कार्य पूरे हुए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा लिए गए 25 कार्यों में सभी आरंभ हो चुके हैं, जिनमें 13 फिनिशिंग स्टेज पर हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सितंबर मासांत तक सभी कार्य हर हाल में पूरे किए जाएं एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित हो। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रश्तावित 184 में से 172 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाला पेंटिंग कार्य पूर्ण हुआ है। गंगीरी, जवां, टप्पल, चंडौस में कार्य शेष है।

इसी प्रकार से 197 आंगनबाड़ी का विद्यालयों में युग्मीकरण कराया जाना था, जिनमें 83 शिफ्ट हो चुके और 114 प्रगति पर हैं। पेयजल योजना से जुड़ने वाले 61 केंद्रों में से 45 पर कार्य पूरा हुआ है। डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ने के निर्देश दिए। पोषण वाटिकाऐं 55 स्थानों में से 8 पर पूरी हुईं, 47 शेष हैं। 189 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए एलईडी उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 148 इंस्टॉल हो चुकी हैं।

बैठक में पोषण ट्रैकर पर फेशियल रिकग्नाइजेशन, बच्चों का वजन पोर्टल पर अपलोड करने, और संभव पोर्टल पर कम्पोजिट स्कोर बढ़ाने पर भी विश्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को बच्चों का नियमित वजन दर्ज करने और डेटा समय से अपलोड करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 2454 में से 1387 लाभार्थियों को लाभ दिया जा चुका है। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर सभी शेष पात्र महिलाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार हॉट कुक्ड मील योजना के तहत 685 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 254 को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। बैठक में सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी ने सामुदायिक संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया। मिशन मुस्कान के तहत बच्चों की सेहत सुधार संबंधी जानकारी भी साझा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण अपने आप में इतना व्यापक विषय है कि पूरा जीवन भी इसे समर्पित कर दिया जाए तो भी अधूरा रहेगा। सभी निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरे कराए जाएं और बीडीओ व सीडीपीओ अपनी जिम्मेदारी स्वयं निभाएं। बैठक में एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, डीडीओ आलोक आर्या, डीसी एनआरएलएम मंजू त्रिपाठी, बीएसए राकेश कुमार सिंह, डीपीआरओ यतेन्द्र कुमार सहित खण्ड विकास अधिकारी एवं सीडीपीओ उपस्थित रहे।

### 06 व 07 को दो पालियों में 37 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**एनसीआर टुडे. अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अहर्ता परीक्षा-2025 शनिवार 06 सितम्बर एवं रविवार 07 सितम्बर को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा दोनों तिथियों को दो पालियों प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक और अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक में संपन्न होगी।

# आयुक्त ने किया बाढ़ग्रस्त ग्रामों का निरीक्षण

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷



आयुक्त अलीगढ़ मण्डल श्रीमती संगीता सिंह ने बुधवार को तहसील खैर के टप्पल क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित ग्राम महाराजगढ़ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित होने वाले गाँव महाराजगढ़, शेरपुर, ऊंटासानी, मिर्जापुर, पखोदना, नगला चण्डी, नगला रामस्वरूप, नगला अमर सिंह, घरवरा, लालपुर का निरीक्षण कर स्थानीय हालातों की जानकारी ली।

आयुक्त ने नदी किनारे व निचले इलाकों में रह रहे ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक राहत व बचाव कार्यों की जानकारी की। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपदा की स्थिति में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम खैर सहित राजस्व, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन, लोनिवि व पुलिस प्रशासन सहित ओखला बैराज के अधिकारियों के साथ बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में बनाए गए राहत शिविरों, नावों की उपलब्धता, पशुओं के लिए चारे और दवाइयों की व्यवस्था के बारे में भी जाना।

एसडीएम खैर शिशिर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में दो बाढ़ चौकियां मण्डी टप्पल एवं किसान इंटर कॉलेज पखोदना में स्थापित की गई हैं। एनडीआरएफ की टीम आ चुकी है। पीएसी की टीम पहले से ही मुश्तैद है। आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ ने एसडीएम को निर्देशित किया कि राजस्व टीम के द्वारा जमीनी श्तर पर सर्वे कराते हुए नुकसान का सही-सही आगलन सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामों में गर्भवती महिलाओं एवं सैम बच्चों की समुचित देखभाल सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य टीम को निर्देशित किया गया कि आवश्यक औषधियों की किट तैयार कर जरूरतमंदों को वितरित की जाए। एमओआईसी ने बताया कि स्टॉक में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं और सीएचसी पर 50 बेड की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

गाँव महाराजगढ़ के किसान रामवीर सिंह ने कहा कि हमारी फसलें पानी में डूबने की कगार पर हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा समय रहते मदद पहुँचाई जा रही है। नाव और राहत सामग्री मिलने से हमें काफी राहत मिली है। राजकुमारी देवी ने बताया, पहली बार किसी वरिष्ठ अधिकारी ने गाँव आकर हमारी समस्याओं को गंभीरता से सुना है। अब हमें भरोसा है कि प्रशासन हमें सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाएगा।

आयुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ग्रश्त गांवों में किसी भी स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में ढिलाई न बरती जाए और समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाए। निरीक्षण के दौरान खैर विधायक सुरेन्द्र दिलेर, अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार प्रियंका शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक करोड़ से फिल्म बनाई, मुनाफा कमाया, हिस्सा नहीं दिया ; पवन सिंह सहित चार के खिलाफ एफआईआर

**वाराणसी , एजेंसी।** भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह समेत चार के खिलाफ मंगलवार रात कैंट थाने में 1.13 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया गया। सीजेएम मनीष कुमार के आदेश पर दर्ज मुकदमे की विवेचना इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश करेंगे। नदेसर के होटल और टूर एंड ट्रैवल्स कारोबारी विशाल सिंह ने कोर्ट में आवेदन दिया था। उनका आरोप था कि पवन सिंह, फिल्म निर्माता अरविंद चौबे, प्रेमशंकर राय व पत्नी सीमा राय ने फिल्म बनाने के नाम पर 1.13 करोड़ रुपये वसूले लेकिन हिस्सा नहीं दिया। फिल्म बनाकर सारा मुनाफा हड़प लिया। कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर में टूर एंड ट्रैवल्स संचालक विशाल सिंह ने कोर्ट को बताया कि मुंबई में पढ़ाई के दौरान 2017 में महाराष्ट्र के पुणे सिटी चिंचवाड़ निवासी प्रेमशंकर राय व पत्नी सीमा राय से संपर्क हुआ। दोनों ने फिल्म बनाने और अच्छा मुनाफा कमाने का हवाला दिया। कहा कि फिल्म में भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह को लेंगे। फिल्म बनाने में जो भी खर्च होगा, वह उत्तर प्रदेश सरकार की सब्सिडी के माध्यम से वापस करा दी जाएगी। मई 2018 में दोनों ने अभिनेता पवन सिंह से नदेसर में कार्यालय में मुलाकात कराई। जून 2018 में प्रेमशंकर राय व सीमा राय ने दबाव बनाया कि पैसा लगाओ नहीं तो पवन सिंह दूसरी फिल्म साइन कर लेंगे। इनकी कंपनी श्रेयस फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के खाते में अपने व अपने भाई के पार्टनरशिप की कंपनी रिद्धिका इंटरप्राइजेज के खाते से कई तिथियों में 32.60 लाख रुपये भेजे।

# छह लाख पात्र छात्रों को शुल्क भरपाई न होने पर सरकार का एक्शन, 14 अधिकारियों पर गिरी गाज

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश में छह लाख पात्र छात्रों को शुल्क भरपाई न होने पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। अयोध्या, बहराइच, रायबरेली व सीतापुर समेत 14 जिलों के समाज कल्याण अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। जबकि, सबसे ज्यादा गड़बड़ वाले जिला बरेली के बाबू प्रमोद जोशी को निलंबित कर दिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुल 100 से ज्यादा अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसमें कई विश्वविद्यालयों के नोडल अधिकारी और आईटीआई के आठ मंडलों के संयुक्त निदेशक भी शामिल हैं।

प्रदेश सरकार ढाई लाख रुपये तक सालाना आय वाले एससी-एसटी छात्रों और दो लाख रुपये तक आय वाले अन्य वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति के साथ शुल्क की भरपाई करती है। वर्ष 2024-25 में शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और अधिकारियों की लापरवाही से सभी वर्गों के करीब 6 लाख पात्र छात्र योजना का लाभ नहीं पा सके। कहीं लापरवाह अधिकारियों ने डाटा लॉक नहीं किया तो कहीं शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन आवेदन आगे ही नहीं बढ़ाए।



इस प्रकरण में अलीगढ़ की जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, औरैया की समाज कल्याण अधिकारी इंदिरा सिंह, अयोध्या के रणविजय सिंह, बहराइच के रमाशंकर, बलिया के तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव, बरेली के सुधांशु शेखर, बिजनौर के जागेश्वर सिंह, गौतमबुद्धनगर के सतीश कुमार, गाजियाबाद के वेद प्रकाश मिश्रा, कन्नौज के सत्य प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़ के नागेंद्र मौर्य, रायबरेली की सृष्टि अवस्थी, सीतापुर के हर्ष मवार और वाराणसी के जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश दुबे को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

**कार्रवाई की जद में आया एक अधिकारी अब आईआरएस :** कार्रवाई की जद में आया में बलिया का तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव अब विभाग छोड़ चुका है। उनका भारतीय राजस्व सेवा में (आईआरएस) में चयन हो चुका है। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए विधिक राय लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा।

**बरेली में सबसे ज्यादा 40 संस्थानों के 1600 विद्यार्थी प्रभावित :** बरेली में सबसे ज्यादा 40 शिक्षण संस्थानों के 1600 पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिला। इसलिए वहां के बाबू प्रमोद जोशी को सस्पेंड करने का निर्णय लिया गया। बाराबंकी के समाज कल्याण बाबू प्रभात सिंह, हापुड़ के दीपक, झांसी के मनोज वर्मा और प्रयागराज के रामचंद्र यादव को कठोर चेतावनी जारी की गई है।

**इन जिलों के समाज कल्याण बाबुओं को भी प्रतिकूल प्रविष्टि :** विपिन कुमार व प्रवीन माहेश्वरी (अलीगढ़), विष्णु चंद्र वर्मा व भूपेंद्र सिंह (औरैया), विकास श्रीवास्तव (अयोध्या), मसीह उल्लाह अंसारी व नवनीत आर्या (बहराइच), विकास पाठक (बलिया), अंकित कुमार (बिजनौर), सारांश श्रीवास्तव (गौतमबुद्धनगर), संजीव शर्मा (गाजियाबाद), जितेंद्र कुमार (कन्नौज), मनोज कुमार व अनूप कुमार (प्रतापगढ़), आशीष पांडे (रायबरेली), सुरेश गौतम व अरुण वर्मा (सीतापुर), उत्तम कुमार (वाराणसी)।

**ये भी आए कार्रवाई की जद में :** सीएम ने इस मामले में लापरवाही करने वाले राज्य विश्वविद्यालयों, केंद्रीय विवि, संबद्धता देने वाली एजेंसियों और निजी विश्वविद्यालयों के 66 नोडल अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई के लिए सक्षम स्तर से कार्रवाई कराने के भी निर्देश दिए हैं। 14 राज्य विश्वविद्यालयों और 19 निजी विश्वविद्यालयों को कठोर चेतावनी जारी की जा रही है।

### काफा नेशंस कप, भारत को झटका:

# डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर



**हिसोर (ताजिकिस्तान), एजेंसी।** भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।

### ODI ऑलराउंडर, अफगानिस्तान के प्लेयर की बादशाहत खत्म

# 39 साल के सिकंदर रजा बने दुनिया के नंबर-1



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की, इसमें ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में एक बड़ा बदलाव हुआ. अफगानिस्तान के प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई पहले स्थान से खिसककर दूसरे नंबर पर आ गए हैं. उनकी जगह ली है जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने, जो 302 रेटिंग के साथ ओडीआई में दुनिया के नए नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं. 39 वर्षीय सिकंदर रजा ने पिछले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ 2 वनडे मैचों में शानदार बल्लेबाजी की थी. उन्होंने 29 अगस्त को खेले गए मुकाबले में 92 रनों की शानदार पारी खेली थी. हालांकि बावजूद इसके जिम्बाब्वे जीत नहीं सकी थी, लेकिन टीम जीत के बेहद करीब पहुंच गई थी. 299 का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे लक्ष्य से सिर्फ 8 रन दूर रह गई थी. इसके बाद 31 अगस्त को हुए मुकाबले में रजा ने नाबाद 59 रन बनाए थे, इसमें भी श्रीलंका आसानी से जीत नहीं मिली थी.

### अज़मतुल्लाह उमरज़ई की बादशाहत खत्म

सिकंदर रजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले तीसरे स्थान पर थे, लेकिन इन दो पारियों ने उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया है. उन्होंने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई का ताज छीना, जो अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं.

### ICC वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप-5 बल्लेबाज

सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे) - 302 रेटिंग

अज़मतुल्लाह उमरज़ई (अफगानिस्तान) - 296 रेटिंग

मोहम्मद नबी (अफगानिस्तान) - 292 रेटिंग

मेहदी हसन मिराज (बांग्लादेश) - 249 रेटिंग

माइकल ब्रेसवेल (न्यूजीलैंड) - 246 रेटिंग

### टेस्ट और टी20 में भारत की बादशाहत बरकरार

टेस्ट फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ही हैं, इस लिस्ट के टॉप-10 में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है. जबकि हार्दिक पांड्या दुनिया के नंबर टी20 ऑलराउंडर हैं. उनके 252 रेटिंग पॉइंट्स हैं. हालांकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को एक अंक का फायदा हुआ है, वह अब टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं.

### तीनों फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रुट 908 रेटिंग के साथ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर हैं. ओडीआई रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज भारत के शुभमन गिल हैं, जिनके 784 रेटिंग हैं. टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं.

## पांच साल की उम्र में फिडे रेटिंग, शतरंज के तीनों प्रारूपों में दिल्ली की बेटी ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरिनी शतरंज के तीनों प्रारूपों क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में फिडे रेटिंग हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा बेटी बन गई हैं। डी गुकेश, प्रगनानंदा और दिव्या देशमुख के बाद अब पांच साल की बेटी दिल्ली की आरिनी लाहोटी ने शतरंज की दुनिया में भारत का डंका बजा दिया है। आरिनी शतरंज के तीनों प्रारूपों क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में फिडे रेटिंग हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा बेटी बन गई हैं। क्लासिकल में आरिनी की रेटिंग 1553, रैपिड में 1550 और ब्लिट्ज में 1498 है। दरअसल उनके आयुवर्ग में कई खिलाड़ी रैपिड वर्ग में रेटिंग हासिल कर चुके हैं, लेकिन तीनों प्रारूपों में वह रेटिंग हासिल करने वालीं पहली खिलाड़ी हैं। आरिनी पिछले माह ही अपने आयुवर्ग में भारत की सबसे श्रेष्ठ रेटिंग वाली खिलाड़ी बन गई थीं। रविवार को फिडे ने आधिकारिक रेटिंग जारी की है। 19 सितंबर, 2019 को जन्मीं आरिनी के बारे में निजी स्कूल में शिक्षक उनके पिता सुरेंद्र लाहोटी ने कहा कि जन्मदिन से पहले ही बेटी ने बड़ी खुशी दे दी है। उन्होंने बताया कि घर पर ही बेटी की तैयारी कराते हैं। हम उसी टाइम कंट्रोल के साथ उसकी ट्रेनिंग कराते हैं, जो टूर्नामेंट में होता है।



**पिता से सीखा मोहरों से खेलना:** दिल्ली में एक शतरंज अकादमी चलाने वाले सुरेंद्र बताते हैं कि उनकी बेटी ने एक वर्ष की उम्र में ही शतरंज को बारीकी से देखना शुरू कर दिया। लॉकडाउन के दौरान वह मुझे ऑनलाइन ट्रेनिंग देते समय लगातार देखती थी और जल्द ही उसने अपने तौर पर सही मोहरे चलना सीख लिया। शिक्षक सुरेंद्र का सपना है कि उनकी बेटी सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर और सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने और पूरे देश को उस पर गर्व हो।

## उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया, बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इसी साल 3 जून को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। अगले दिन विक्ट्री परेड का आयोजन था, लेकिन फैंस के बीच मची भगदड़ में 11 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस मामले पर आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का बयान सामने आया है। विराट कोहली के बयान को आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने कहा, जिंदगी में कुछ भी आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करता। जो हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।



उन्होंने कहा, मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया। उन फैंस के बारे में सोच रहा हूं, जो घायल हुए। आपका नुकसान अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम साथ मिलकर सम्मान और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे। इस हादसे में 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, जबकि 33 लोग घायल हुए थे। फ्रेंचाइजी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को आरसीबी केयर्स के जरिए 25 लाख रुपए देने का ऐलान कर चुकी है। मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए थे। घटना के बाद से अब तक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला गया है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के कुछ मुकाबले यहां खेले जाने थे, लेकिन अब उन्हें मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी में कराने का फैसला लिया गया है।

# आज से शुरू होगा सेमीफाइनल इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे। अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है।



दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं।

झयह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

# पाकिस्तान की टीम एक मजाक है...




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात में खेली जा रही टी20 ट्राई सीरीज में पाकिस्तान से अपनी पिछली हार बदला ले लिया. इस सीरीज के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान ने अपने पड़ोसी देश को 18 रनों से हरा दिया. इससे पहले उसने यूएई को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की थी. पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन किया. इस दौरान उनके स्पिनर्स के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज टिक नहीं पाए. अफगानिस्तान से हार के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का खूब मजाक उड़ रहा है. एशिया कप से पहले यूएई टी-20 ट्राई सीरीज में पाकिस्तान को पहली हार का सामना करना पड़ा है. अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई. पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा रन बनाए. इस दौरान सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का खूब मजाक उड़ रहा है. एक फैंस ने लिखा, शोएब अख्तर की बात तो आपको साफ याद होगी, वो बिल्कुल सही थे. ये शारजाह की पिच थी, लेकिन जब उन्हें दुबई की पिच पर खेलना होगा, तो याद रखना, वो 130 रन भी नहीं बना पाएंगे.

दूसरे क्रिकेट फैंस ने लिखा कि अफगानिस्तान के खिलाफ दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रऊफ 212.50 के स्ट्राइक रेट के साथ पाकिस्तान के शीर्ष स्ट्राइकर रहे. बाबर आजम, पाकिस्तान के सबसे ज्यादा टी 20 रन बनाने वाले बल्लेबाज होने के बावजूद अपने पूरे टी 20 करियर में कभी भी यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए.

## ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू, बड़े घरेलू टूर्नामेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य क्षेत्र के कप्तान बनाए गए ध्रुव जुरेल डेंगू से पीड़ित होने के कारण दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। मध्य क्षेत्र के ध्रुव जुरेल 4 सितंबर से पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीम के कप्तान बनाए गए इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल में हिस्सा नहीं लिया था। अब जुरेल के बीमारी के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।

मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने दावा किया है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं और इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि अक्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किया गया है। जुरेल की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जुरेल अपनी कमर की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है। विदर्भ और सेंट्रल जोन के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा, हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं और हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी। जुरेल आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नजर आए थे, जहां उन्होंने चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे।



**मध्य क्षेत्र की अपडेटिड टीम :** रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

स्टैंडबाय: माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

### यूएस ओपन:

## पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में युकी भांबरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के युकी भांबरी न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। भांबरी-वीनस की जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्राविट्ज-टिम पुएत्ज की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। यह इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी अब 41 वर्षीय अमेरिकी राजीव राम और उनके जोड़ीदार निकोला मेक्टिक की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी। निकोला क्रोएशिया से हैं। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष डबल्स टेनिस खिलाड़ी भांबरी ने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। वह वर्तमान में वर्ल्ड नंबर 32 हैं। पिछले साल भांबरी ने फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी अल्बानो ओलिवेटी के साथ यूएस ओपन खेला था। वह प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उस मुकाबले में यह जोड़ी स्पेन के मार्सेल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से सीधे सेटों में हार गई थी। इससे पहले, भांबरी और वीनस ने कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मैक्सिको के मिगेल एंजेल रेयेस-वरेला की जोड़ी को 6-1, 7-5 से शिकस्त देकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।



## इंग्लैंड दौरा कभी नहीं भूल सकता: प्रसिद्ध कृष्णा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का इसमें अहम योगदान रहा था। प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत का 2-2 से रोमांचक ड्रॉ उनके करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक के रूप में उनकी यादों में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। 29 वर्षीय कृष्णा ने द ओवल में खेले गए पांचवें और निर्णायक टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और कुल 8 विकेट लेते हुए भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। बात करते हुए कृष्णा ने कहा, शारीरिक रूप से दौरे ने मुझे थका दिया था। इंग्लैंड सीरीज के बाद मैंने दस दिन का ब्रेक लिया था।

ब्रेक के दौरान भी मुझे शरीर में दर्द महसूस हो रहा था। द ओवल टेस्ट का पांचवां दिन याद करते हुए कृष्णा ने कहा, पहली गेंद, मैंने पहले ही तय कर लिया था, बाउंसर होने वाली थी। वह गेंद चौके के लिए गई, लेकिन इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि पिच पर क्या हो रहा है। दूसरी गेंद अंदरूनी किनारे से लगी। पहली दो गेंदों पर आठ रन आने के बावजूद, मैं काफी संयमित था। मुझे पता था कि मुझे एक निश्चित क्षेत्र में, एक निश्चित लंबाई पर गेंद फेंकनी होगी, और गेंद को ही अपना काम करने देना होगा। कृष्णा ने दूसरे छोर से दबाव बनाने के लिए मोहम्मद सिराज को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ओवरों में मुझसे ज्यादा सिराज की गेंद स्विंग कर रही